सेवा त्याग सदाचार
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
वर्षों की विरासत

# जयपुर माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 16 ■ अंक 10 ■ मार्च 2026 ■ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति




कमल नयन श्यामल देह, मुख मधुरिम मुस्कान।
ठुमक चलत रघुनंदन, सुसज्जित धनुष-बाण।।

**ECMS की बहुप्रतिक्षित उच्च शिक्षा सहायता योजना प्रारंभ**

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।

65 वर्षों से आपके विश्वास पर खरी...

माहेश्वरी चाय

स्थापित-1961

# माहेश्वरी चाय

आपके कप की चाय

## !! शुभ नवरात्रि !!






आप सभी को
'नवरात्रि' के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं



आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय

**माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि., जयपुर (राज.)** फोन : 0141 - 2740919, 2312723

contact@maheshwaritea.com www.maheshwaritea.com

www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea

वर्ष 16 | अंक 10 | मार्च, 2026
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100
8233681813

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA
प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

सेवा त्याग सदाचार
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
वर्षों की विरासत

## संपादकीय

**परामर्श मंडल**
देवेन्द्र झंवर
चन्द्रमोहन शारदा
श्रीकिशन अजमेरा
नारायण लाल परतानी
बिट्ठल चौधरी
रमेश मूंदड़ा (पूर्व पार्षद)
विमल लढ्ढा
संजय कचोलिया
अखिल माहेश्वरी (शकुन ग्रुप)

**सह-संपादक**
राजेन्द्र मूंधड़ा
बालकृष्ण जाजू 'बालक'
महेश मालपानी (हरमाड़ा)
डॉ. सुनीता पेड़ीवाल
श्रुति लाहोटी

**संपादकीय टीम**
अरुण मंत्री
हेम प्रकाश बाहेती
कमल पेड़ीवाल
पुरुषोत्तम लढ्ढा
मंजू मंत्री
सुमन साबू (मुरलीपुरा)
मितेश चितलांग्या
पुरुषोत्तम काबरा
नरेश झंवर

**विज्ञापन संयोजक**
रामकृष्ण बागला

**विज्ञापन सहसंयोजक**
महेश परवाल (MTC)
श्रीकिशन मालपानी
कमल किशोर मंत्री
अनिल नोवाल
अशोक लढ्ढा
रेखा बिड़ला
नीलेश भूतड़ा

**विज्ञापन संकलन टीम**
दामोदर प्रसाद अटल
भगवान जाजू
शिव मूंदड़ा (मुरलीपुरा)
राकेश झंवर (बंबाला)
लक्ष्मीकांत बांगड़
रघुनन्दन राठी
सुभाष भारती खटोड़
विमल राठी
आलोक लढ्ढा


**विजय सारड़ा**
प्रचार मंत्री
98281-12198


**मोहन तोषनीवाल**
प्रधान संपादक
98290-67553


**मधु भूतड़ा 'अक्षरा'**
संपादक
98281-53965


**प्रिंसा (चारु) बांगड़**
संयोजक
99115-00431

### शुक्ल प्रतिपदा चैत्र मास से, हिन्दू वर्ष।।
### श्रेष्ठ सृष्टि नव शुभता पूरित, आया हर्ष।।

नव संवत्सर सृष्टि के सृजन का उत्सव है, जिसे ब्रह्मा जी द्वारा तैयार किया गया। यह भारतीय काल गणना एवं हिंदुत्व की विशाल जड़ों से जोड़ता है। कृषि प्रधान देश के लिए यह खुशियों का आगमन कहलाता है।

*गेहूँ की वे कटे बालियाँ।*
*हैं तैयार।।*
*भरे अन्न-धन सुख वैभव से।*
*यह भंडार।।*

क्या आप जानते हैं कि चैत्र मास को मधु मास भी कहते हैं, जो शहद के समान मीठा और सुखद होता है। नई कोंपलें, फूलों की सुगंध एवं स्वर्णिम फसलें, झरते हुए छत्तों से शहद इसकी मिठास को बढ़ा देते हैं।

*रंग पंचमी पूजा अर्चन।*
*पावन मास।।*
*श्री रामलला का जन्म दिवस।*
*उत्सव खास।।*

चैत्र नवरात्रि, राम जन्मोत्सव, हनुमान जन्मोत्सव आदि पर्वों से जोड़ता राजा विक्रमादित्य की शकों पर विजय चिन्ह को अंकित करता, प्रत्येक विक्रम संवत् विशेष संकल्प, आत्म चिंतन एवं प्रकृति के संग संतुलन का संदेश देता है।

*नूतन बहीखाते नव गणित।*
*नए विचार।।*
*नया सिद्धार्थी चैत्र संवत्।*
*हो सत्कार।।*

अपने जीवन का बहीखाता खोलकर अच्छे कर्मों, सेवा और सद्भाव के नए पृष्ठ सजाएं। आइए, हम सभी हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत् 2083 को हर्षोल्लास से मनाएं।

- मधु भूतड़ा 'अक्षरा'




Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053

Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**

G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039

**Rajesh Khator : +91 93524 79947**

नव वर्ष का आया मंगल उजियारा
हर हृदय में जागे विश्वास न्यारा
संस्कारों से महकी जीवन धारा
एकता से बने भविष्य सुनहरा हमारा।

**प्रिय समाज बंधुओं,**

राम-राम, सप्रेम वंदन

नव संवत्सर का पावन आगमन हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा, नई आशा और नए संकल्प लेकर आता है। भारतीय संस्कृति में यह समय आध्यात्मिकता, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

चैत्र मास की नवरात्रि हमें शक्ति और साधना का संदेश देती है। यह माँ दुर्गा की कृपा और आस्था का प्रतीक है। इसी पावन काल में राम नवमी हमें मर्यादा, आदर्श और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है, जबकि हनुमान जन्मोत्सव सेवा, शक्ति और समर्पण का संदेश देता है।

बच्चों की परीक्षाएँ समाप्त हो चुकी हैं। सभी विद्यार्थियों को उनके नए शैक्षणिक सत्र के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ। आशा है कि वे शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों और समाज सेवा की भावना को भी अपने जीवन में आगे बढ़ाएँगे।

माहेश्वरी समाज की परंपरा सदैव से ही एकता, सेवा और संस्कार की रही है। नव वर्ष के इस शुभ अवसर पर हम सभी मिलकर समाज की उन्नति, आपसी सहयोग और सामाजिक समरसता के लिए संकल्पित रहें।

*समाज की प्रगति हमारी जिम्मेदारी है,*
*एकता और सेवा ही हमारी सच्ची भागीदारी है।।*

सादर प्रणाम।



**उमेश सोनी**
**अध्यक्ष**

"संस्कारों से सशक्त बने हर परिवार,
शिक्षा से प्रकाशित हो नई पीढ़ी के विचार।
एकता से सुदृढ़ हो समाज का आधार,
सेवा से ऊँचा हो .....
माहेश्वरी समाज का सत्कार।"

**हिन्दू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ**



# मानव सत्संग परिवार ट्रस्ट– कोलकाता

## अयोध्याधाम में 36 वाँ साधना शिविर

## श्री रामकथा का आयोजन



**शुक्रवार दिनांक- 17-4-2026 से गुरुवार दिनांक 23-4-2026**

सप्तदिवसीय संगीत रसात्मक रामकथा श्रवण करने का शुभ अवसर। श्री राम मंदिर एवं नवनिर्मित राम परिवार के विग्रहों का दर्शन लाभ। अयोध्या में राम जी, माँ सीता जी व हनुमान जी के भक्त महात्माओं तथा माँ सरयू जी के दर्शन का सुन्दर संयोग।

जानकी महल अयोध्या में निवास की सुन्दर व्यवस्था

श्री श्याम जी मंत्री, जयपुर के सुन्दर प्रबंधन में उच्च स्तर का प्रातः कलेवा व दोनों समय के प्रसाद की व्यवस्था

सहयोग राशि: प्रति व्यक्ति रू 11000/- ए.सी. कमरा+लेट फीस रू 1500/-

इच्छुक साधक रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन पत्र भरकर प्रतिव्यक्ति अग्रिम राशि का रू 4500/- जमा करवाकर सम्मिलित होने के लिए सहर्ष आमंत्रित हैं।

जयपुर सम्पर्क- श्यामदास मंत्री, सत्यनारायण शारदा, श्याममुन्दर काल्या, विजय तापडिया

9929104619 8003495316 8499886665 9314066350

आयोजक ट्रस्टीगण

घनश्यामदास मोदानी-9432498728, श्रीवल्लभ नागोरी-7890078911, राकेश सिंह-9830010132, श्री वल्लभ भुतडा- 9331055579, रामवतार मालपानी-9831044674, श्री किशन राठी -9433201200, राकेश खटोड़-9674703555, मुरलीमनोहर मांधना-9830060572, रामरतन मुन्धड़ा-9874974401, दीपक मालपानी-9836545211

# CAREWELL PHARMACY

Carewell PHARMACY

64, Milap Nagar, Near Govt. Jaipuriya Hospital
Tonk Road, Jaipur

For more Details:
Call Now

**Gopal Maheshwari**
**9351154242**



ON REGULAR MEDICINES
20% OFF

ON OTHER MEDICINES
16% OFF

RGHS APPROVED SHOP



वर्षों की विरासत

सादर जय श्री कृष्ण !

**नव संवत्सर 2083 की हार्दिक बधाइयाँ और मंगलकामनायें।**

हमारा समाज एक परिवार है और कोई भी परिजन उसका बुरा नहीं चाहता, बस देखने, सहयोग देने का तरीका और नजरिया अलग-अलग रहता है। आइये इस रामनवमी हम सब प्रण लें और तेरे-मेरे, इसके-उसके को त्याग अपनी ऊर्जा समाजहित के सकारात्मक कार्यों में लगा कर स्वयं को, परिवार को, समाज को और देश को आगे बढ़ाये।

आपके सहयोग से हम एक नया इतिहास रचना चाहते हैं, क्या आप तैयार हैं ....

1. हमारे समाज की 100 वर्षों की अनवरत यात्रा में हमने अनेकों लक्ष्य हासिल किये हैं और उसमें अनेकानेक समाजसेवियों का योगदान रहा है। इस शतकीय विरासत यात्रा के कुछ जाने-अनजाने, छुए-अनछुए पहलुओं को संकलित करने का हमने प्रण लिया है। आपसे करबद्ध आग्रह है कि कोई भी जानकारी, फोटो, किताब, पुराने संकलन, हस्त लिखित पत्र आदि आपके पास हो तो हमें msjvirasat@gmail.com पर प्रेषित करें। हम आपको संकलनकर्ता के रूप में पूरा मान देकर स्मारिका में स्थान देंगे। यदि इस महायज्ञ में आप अपनी आहुति देना चाहते हैं तो कृपया मेरे से व्यक्तिगत संपर्क कर सकते हैं।
2. समाज की वेबसाइट www.maheshwarisamajjaipur.com पर आप अपने मोबाइल नंबर से Login कर अपनी जानकारी/फोटो स्वयं ही update कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में हमें अपने व्यवसाय/जॉब के बारे में अवश्य बताये, जिससे हम जल्द ही समाज की Business Directory आप तक ला सकें। वेबसाइट से सम्बंधित सवाल/जानकारी/सुझाव के लिये मो. नं. 9784167244 पर 12 P.M. से 4 P.M. तक संपर्क कर सकते हैं।
3. आगामी 1 मई, 2026 शुक्रवार-बुद्ध पूर्णिमा की रात्रि Wesak Meditation के रजिस्ट्रेशन हेतु QR संलग्न है।
4. जून माह में 5 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के लिए आपके सुझाव सादर आमंत्रित हैं।
5. समाज के कार्यक्रमों में मंच संचालन के लिये आप आमंत्रित हैं। हमें इस विषय अनुरूप अपनी रुचि से अवगत कराएं और सेवा में हाथ बटायें।

आपका अपना,

- सीए. रोहित माहेश्वरी ( परवाल )

msjmahamantri@gmail.com






**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री

Scan QR for
Wesak Meditation
Registration


भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब घुटना प्रत्यारोपण कराये
AI (Artificial Intelligence) & AR (Augmented Reality) तकनीक द्वारा
Robotic AI और AR तकनीक के फायदे
रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
सबसे उन्नत और सटीक
जटिलताओं का जोखिम कम
बेहतर परिणाम
पहले से और भी सुरक्षित
MISSO Planner
Robotic Arm
PARTANI CLINIC
डॉ. अरुण परतानी
एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट
16 वर्षों का सफल अनुभव
DENTAL IMPLANTS
not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!
Quality Dental Care
☑ Dental Implants
☑ Teeth Whitening
☑ Root Canal
☑ Composite Filings
☑ Ceramic or
☑ Porclain Crowns
☑ And Many More......
डॉ. भारती परतानी
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
15 वर्षों का सफल अनुभव
किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।
175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015
For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501

# श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )



**स्नेहलता साबू**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्



**ज्योति हुरकट**
सचिव
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्

जय श्रीकृष्ण,

## हिंदू नव संवत्सर की शुभकामनाएँ।

हिंदू नववर्ष हम सभी के लिए हमारे देश के लिए और हमारे समाज के लिए मंगलमय और सुख-समृद्धि से भरपूर हो, यही प्रार्थना है।

नव वर्ष केवल उत्सव मनाने का अवसर ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में कुछ अच्छे संकल्प लेने का भी समय है, तो आइए, हम प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करेंगे। केवल पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष उसकी देखभाल कर उसे बड़ा बनाना भी अपना कर्तव्य समझेंगे।

हम सप्ताह में कम से कम एक दिन ऐसा होगा जब पूरा परिवार 'नो मोबाइल डे' रखेगा। उस दिन हम सब एक साथ बैठेंगे, बातें करेंगे, हँसेंगे और परिवार के रिश्तों को और मजबूत बनाएँगे।

साथ ही हम अपने जीवन से द्वेष, ईर्ष्या और नकारात्मकता को दूर कर समाज में प्रेम, सहयोग और सद्भाव के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे, हम अपने जीवन में अनुशासन को स्थान देंगे। इस नववर्ष पर हम अपने घरों में पताका लगाएँ, मीठे पकवान बनाएँ, खुशियाँ बाँटें और गौशालाओं में सेवा जैसे पुण्य कार्य भी करें। ऐसे छोटे-छोटे सकारात्मक संकल्प हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं और हमें एक श्रेष्ठ समाज की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

आप सभी को हिंदू नव संवत्सर की पुनः हार्दिक शुभकामनाएँ।

# श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )

प्रिय युवा साथियों,

हिंदू नववर्ष हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा, नए संकल्प और सकारात्मक सोच लेकर आता है। यह केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि अपने जीवन और समाज के लिए कुछ अच्छा करने की प्रेरणा भी देता है।

आज का युवा समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सेवा, संस्कार और समाजहित के कार्यों में लगाएं तो निश्चित रूप से समाज और राष्ट्र को नई दिशा मिल सकती है। हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को साथ लेकर आधुनिक युग में आगे बढ़ना चाहिए।

इसी भावना के साथ इस पावन नववर्ष के अवसर पर हम सभी युवाओं और समाजबंधुओं से आग्रह करते हैं कि 12 अप्रैल 2026 को विद्याधर नगर में आयोजित होने वाले महारक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान जैसे महापुण्य कार्य में सहभागी बनें और मानव सेवा का यह पावन अवसर प्राप्त करें।

हिंदू नववर्ष हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सेवा की नई प्रेरणा लेकर आए, यही मंगलकामना।



**सीए. अखिल भाला**
अध्यक्ष



**सीए. प्रवीण परवाल**
सचिव

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय मंजिल, एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल, भाभा मार्ग, तिलक नगर, जयपुर–302004
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंधी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
फोन : 0141-2621644, 2623500



पूनम चन्द भाला
उपाध्यक्ष (वित्त)
98280 19871

जब आपका हाथ सहायता के लिए आगे बढ़ता है,
तब किसी की मुश्किलें स्वतः ही पीछे हटने लगती हैं।
आपका छोटा सा साथ, सहयोग और योगदान
किसी के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगा सकता है,
और अंधकार में भी आशा का दीप प्रज्वलित कर सकता है।



सीए. नटवर सारड़ा
अर्थ मंत्री
94140 53388

## महेश सेवा कोष अपील

समाज के सभी बन्धुओं से विनम्र अनुरोध हैं कि 'महेश सेवा कोष' में अधिक से अधिक सहयोग राशि 'महेश नवमी' के पावन पर्व पर भेंट करके जरूरतमंद परिवारों को सम्बल प्रदान करें।

### मासिक सहायता
( वृद्धजन, विधवा बहनों के सहयोग एवं भरण पोषण हेतु )

### चिकित्सा सहायता
महेश अस्पताल एवं सरकारी अस्पताल के चिकित्सा बिलों पर

### शिक्षा सहायता
जयपुर शहर में स्थित सभी शिक्षण संस्थानों के लिए

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन
इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीएस., सीए. एवं अन्य प्रोफेशनल कोर्स के लिए

आप द्वारा दी गई सहयोग राशि NEFT, Cheque एवं UPI के माध्यम से प्रदान करने पर ही आयकर अधिनियम की धारा 80G के अंतर्गत कर छूट के लिए पात्र है।

## "महेश नवमी"
मंगलवार, 23 जून, 2026

### विनम्र आग्रहः

उमेश सोनी
अध्यक्ष

सीए. रोहित परवाल
महामंत्री

कमल किशोर साबू
उपाध्यक्ष (समाज)

भवानी शंकर बाहेती
संयुक्त मंत्री

रामअवतार काबरा
संयुक्त मंत्री

सुशील जाजू
कोषाध्यक्ष

बजरंग लाल सोमानी
भण्डार मंत्री

देवेन्द्र झंवर
संगठन मंत्री

विजय सारड़ा
प्रचार मंत्री

अनिल कोठ्यारी
सांस्कृतिक मंत्री

संदीप मूंदड़ा
महेश सेवा कोष मंत्री

# 'मेरे राम'

## आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत

**राम** जन्मोत्सव केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आदर्श जीवन मूल्यों का स्मरण कराने वाला पावन अवसर है। 'मेरे राम' कहना केवल आस्था का भाव नहीं, बल्कि उन आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प है, जो भगवान राम के जीवन में प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं।

आज का युवा तेज गति, प्रतिस्पर्धा और अनेक विकल्पों के बीच अपने मार्ग की खोज कर रहा है। ऐसे समय में राम का चरित्र उसे संतुलन, मर्यादा और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है। राम केवल राजा नहीं थे- वे आदर्श पुत्र, आदर्श मित्र, आदर्श भाई और आदर्श नेता थे। उनके जीवन की सबसे बड़ी विशेषता थी- परिस्थितियाँ कैसी भी हों, उन्होंने धर्म और कर्तव्य का मार्ग नहीं छोड़ा।

### युवाओं के लिए 'मेरे राम' का संदेश

**कर्तव्य सर्वोपरि :** राम ने व्यक्तिगत सुख से अधिक कर्तव्य को महत्व दिया। आज के युवा के लिए यह संदेश है कि सफलता केवल उपलब्धियों से नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों को निभाने से मिलती है।

**चरित्र ही सबसे बड़ी पूंजी :** राम का जीवन सिखाता है कि ईमानदारी, सत्य और नैतिकता कभी अप्रासंगिक नहीं होती। आधुनिक जीवन में भी मजबूत चरित्र ही स्थायी सम्मान दिलाता है।

**चुनौतियों में धैर्य :** वनवास से लेकर अनेक कठिनाइयों तक- राम ने धैर्य और सकारात्मक दृष्टि बनाए रखी। यह युवाओं को सिखाता है कि संघर्ष ही विकास का मार्ग है।

**नेतृत्व का आदर्श :** राम का नेतृत्व सहयोग, करुणा और न्याय पर आधारित था। आज के युवा को भी टीम भावना और संवेदनशील नेतृत्व अपनाना चाहिए।

**संतुलित जीवन दृष्टि :** राम ने शक्ति और विनम्रता, साहस और करुणा का संतुलन बनाए रखा। यही संतुलन आधुनिक जीवन की कुंजी है।

### 'मेरे राम' : एक सामाजिक संकल्प

जब हम 'मेरे राम' कहते हैं, तो इसका अर्थ होना चाहिए -

सत्य का पालन करना<br>
अपने कर्तव्य को ईमानदारी से निभाना,<br>
समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार रहना<br>
और जीवन में मर्यादा को नहीं छोड़ना।

राम जन्मोत्सव हमें याद दिलाता है कि आदर्श केवल ग्रंथों में नहीं, जीवन में उतरने के लिए होते हैं। यदि आज का युवा राम के गुण- सत्य, साहस, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा- को अपनाए, तो वह न केवल अपने जीवन को सफल बना सकता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण भी कर सकता है।

'मेरे राम' का भाव ही वह दीप है, जो जीवन के हर अंधकार को प्रकाश में बदल सकता है।



■ विजय सारड़ा
प्रचार मंत्री




हनुमान जन्मोत्सव भारतीय सनातन परंपरा का एक अत्यंत पावन और प्रेरणादायी पर्व है। इस दिन भगवान हनुमान के प्राकट्य का स्मरण करते हुए श्रद्धालु उनके आदर्श जीवन, अद्वितीय भक्ति और सेवा भाव से प्रेरणा ग्रहण करते हैं।

माहेश्वरी समाज, जो सदैव धर्म, संस्कार और समाज सेवा की भावना से ओतप्रोत रहा है, हनुमान के जीवन से विशेष प्रेरणा प्राप्त करता है। हनुमान ने अपने बल, बुद्धि और विद्या को सदैव धर्म और लोककल्याण के लिए समर्पित किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची शक्ति विनम्रता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण में निहित होती है।

हनुमान की भक्ति में अहंकार लेशमात्र भी नहीं था। वे स्वयं को प्रभु के सेवक के रूप में समर्पित रखते हुए हर कठिन कार्य को सहज भाव से पूर्ण करते रहे। यह भाव समाज के प्रत्येक सदस्य को प्रेरित करता है कि व्यक्तिगत उपलब्धियों से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करें।

आज के युग में, जब जीवन में अनेक प्रकार की चुनौतियाँ और आकर्षण हैं, हनुमान का चरित्र संयम, धैर्य और दृढ़ संकल्प का मार्ग दिखाता है। माहेश्वरी समाज के लिए यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कार, सेवा और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का अवसर है।

### हनुमान के जीवन से समाज के लिए प्रेरणाएँ -

**निस्वार्थ सेवा :** समाज और मानवता के कल्याण को सर्वोपरि रखना।

**विनम्रता :** सामर्थ्य होते हुए भी अहंकार से दूर रहना।

**अटूट श्रद्धा :** अपने कर्तव्य और मूल्यों के प्रति दृढ़ रहना।

**साहस :** कठिन परिस्थितियों में धैर्य और विश्वास बनाए रखना।

**एकता और समर्पण :** सामूहिक हित के लिए मिलकर कार्य करना।

हनुमान जन्मोत्सव हमें यह संदेश देता है कि यदि हम भक्ति, सेवा और मर्यादा के मार्ग पर चलें, तो जीवन में सफलता और समाज में समरसता दोनों प्राप्त हो सकती हैं। माहेश्वरी समाज को चाहिए कि हनुमान के आदर्शों को आत्मसात करते हुए धर्म, संस्कृति और सामाजिक उत्तरदायित्व की परंपरा को सुदृढ़ बनाए रखे।



■ संतोष मूंधड़ा

### सुविचार

'सफलता का अर्थ केवल ऊँचाइयों को छूना नहीं, बल्कि अपनी मर्यादा और संस्कारों को साथ लेकर चलना है। कठिन परिस्थितियाँ हमें तोड़ने के लिए नहीं, बल्कि हमारे भीतर के साहस को जगाने के लिए आती हैं। यदि आप स्वयं पर विश्वास रखते हैं और निरंतर कर्म करते हैं, तो दुनिया की कोई भी शक्ति आपको सफल होने से नहीं रोक सकती। याद रखें, आपका दृढ़ संकल्प ही आपके उज्ज्वल भविष्य की नींव है।'


श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर
(अंतर्गतः श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)
देहदानी श्री राम दास जी मंत्री
(गणगौर बेसन)
की पुण्यस्मृति में
महा
रक्त दान
शिविर
12th April 2026
at 09:00 AM
UTSAV, VIDHYADHAR NAGAR, JAIPUR
नितिन अजमेरा
संयोजक
रोहित मंत्री
संयोजक
अखिल भाला
(अध्यक्ष)
अंकित काबरा
(उपाध्यक्ष)
प्रवीण परवाल
(सचिव)
आदित्य सोनी
(सह-सचिव)
अभिषेक मालपानी
(कोषाध्यक्ष)
आदित्य झंवर
(संगठन एवं प्रचार सचिव)
विजय कृष्ण परवाल
(स्वास्थ्य सचिव)
गौरव जाजू
(आई.टी. एण्ड स्किल डवलपमेन्ट सचिव)
एवं समस्त कार्यकारिणी सत्र 2025-28



# नवसंवत्सर

## भारतीय सनातन परंपरा का उत्सव

**चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा, है हिन्दू नववर्ष। नवसंवत्सर भर लाता है, जीवन में नव हर्ष।**
**दिवस यही था जब ब्रह्मा ने, किया सृष्टि निर्माण। भरे देव, दानव, मानव, मुनि, जड़-चेतन में प्राण।**

ब्रह्म पुराण के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा अर्थात् नवसंवत्सर के पावन दिवस पर ही ब्रह्मा ने सृष्टि का सृजन किया था। इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। यह दिन केवल काल-गणना का आरंभ मात्र नहीं, बल्कि सृष्टि की चेतना के जागरण का प्रतीक माना जाता है। मानो उसी प्रभात में सृष्टि ने धड़कन धारण की हों, दिशाओं ने अपनी सीमाएँ पहचानी हों और समय ने गति धारण की हो। इसी विश्वास के कारण नवसंवत्सर को नवजीवन, नवचिंतन और नवसंकल्प का दिवस कहा गया है।

भारतीय कालगणना की क्रमिक परंपरा रही है। भारतीय सनातन संस्कृति में कालबोध अत्यंत प्राचीन और सुव्यवस्थित रहा है। परंपरागत भारतीय मान्यता के अनुसार सप्तर्षि संवत् को कालगणना की अत्यंत प्राचीन प्रणाली माना जाता है, जो आकाश में सप्तर्षियों की नक्षत्रीय गति के आधार पर समय का बोध कराती है। इसके पश्चात् द्वापर युग के अंत में श्रीकृष्ण के देहावसान से जुड़ी काल-स्मृति युग-संधि का संकेत देती है, जिसके साथ ही कलियुग संवत् का आरंभ 3102 ईसा पूर्व से माना गया है। आगे चलकर ऐतिहासिक काल में विक्रम संवत् का प्रवर्तन 57 ईसा पूर्व से हुआ, जिसने भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में व्यापक स्वीकृति प्राप्त की। इसके पश्चात शक संवत् का आरंभ 78 ईस्वी में हुआ, जिसे बाद में राष्ट्रीय पंचांग के रूप में मान्यता मिली। इस प्रकार भारतीय कालगणना पौराणिक-खगोलीय परंपरा से विकसित होकर क्रमशः ऐतिहासिक संवतों तक पहुँचती है और भारत की काल-चेतना की गहनता को प्रकट करती विक्रम संवत् अभिलेखों, लोकाचार और धार्मिक-सांस्कृतिक जीवन में व्यापक रूप से प्रचलित है तथा आज भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस प्रकार भारतीय कालगणना की यह क्रमिक परंपरा नवसंवत्सर को केवल तिथि नहीं, बल्कि सभ्यतागत चेतना का प्रतीक सिद्ध करती है।

विक्रम संवत् का शुभारंभ उज्जयिनी के राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त करने के बाद किया था। विक्रम संवत् की गणना 57 BC से होने के कारण यह ग्रेगोरियन कैलेंडर से हमेशा 57 वर्ष आगे रहता है। यह संवत् भारतीय इतिहास में स्वराज, न्याय और सांस्कृतिक आत्मगौरव का प्रतीक है। यह हमें स्मरण कराता है कि भारत की कालगणना किसी विदेशी सत्ता की देन नहीं, बल्कि स्वयं की बौद्धिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और प्रशासनिक परंपरा का परिणाम है। हिन्दू विक्रम संवत् हमारी संस्कृति में रचा बसा है। नवसंवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ होता है। घटस्थापना के साथ शक्ति-साधना का आरंभ होता है। आगे चलकर मर्यादा, आदर्श और धर्म के उत्सव रामनवमी, हनुमान जयंती आदि पर्व मनाए जाते हैं, जो सभी के हृदय में उत्साह उमंग के साथ नैतिक मूल्यों का संचार एवं मंगल भावों का उद्गम करते हैं। मंदिरों में घंटियों का निनाद, घरों में मंगल कलश की स्थापना और दीप जलाए जाते हैं। प्रातः स्नान, मंदिर दर्शन, कथा श्रवण, ध्वजारोहण, शोभायात्राएँ- ये सब नवसंवत्सर की परंपराएँ हैं। यह दिन आत्मावलोकन का है, अपने दोषों को पहचानने और सद्गुणों को अपनाने का। इस पावन अवसर पर ऐसा प्रतीत होता है मानो श्रद्धा स्वयं उत्सव बनकर घर-घर उतर आती है। विक्रम संवत्सर भारतीय संस्कृति का वह रंगमंच है, जहाँ लोकगीत, लोकनृत्य, परंपराएँ और रीति-रिवाज एक साथ मंच साझा करते हैं। घरों की सफाई, द्वारों पर तोरण, रंगोली ये सब संकेत हैं कि नववर्ष यहाँ केवल कैलेंडर में नहीं, आँगन में भी उतरता है।

हिन्दू विक्रम संवत् पंचांग, खगोल, ऋतु, जीवन, संस्कृति और धर्म का एक सुंदर तथा समन्वित संगम है। यह पूर्णतः वैज्ञानिक आधारों पर निर्मित है। इसमें वर्ष, मास और तिथि-तीनों का निर्धारण खगोलीय गणनाओं पर आधारित है। विक्रम संवत् एक चंद्र-सौर (Lunisolar) पंचांग है, जिसमें चंद्रमा की गति से माह तथा सूर्य की गति से सौर वर्ष का निर्धारण किया जाता है। सूर्य लगभग 365.24 दिनों में पृथ्वी की एक परिक्रमा पूर्ण करता है, जिससे सौर वर्ष बनता है। सूर्य एक वर्ष में 12 राशियों से होकर गुजरता है तथा एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश को संक्रांति कहा जाता है। चंद्रमा की गति के आधार पर मास निर्धारित होते हैं। एक चंद्र मास में लगभग 29.53 दिन होते हैं और मास को शुक्ल पक्ष तथा कृष्ण पक्ष- दो भागों में विभाजित किया गया है। पूर्णिमा के दिन चंद्रमा जिस नक्षत्र में स्थित होता है, उसी नक्षत्र के नाम पर उस मास का नाम रखा गया है। इस प्रकार बारह चंद्र मास हैं-

चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन।

बारह चंद्र मासों का कुल काल लगभग 354 दिन होता है, जो सौर वर्ष से लगभग 11 दिन कम होता है। इस अंतर को संतुलित करने के लिए लगभग दो वर्ष आठ महीने में एक अधिक मास (अधिमास) जोड़ा जाता है, जिससे चंद्र और सौर गणनाओं में सामंजस्य बना रहता है।

**वर्तमान नव संवत् 2083 है।** विक्रम संवत् का नववर्ष सामान्यतः मार्च-अप्रैल में आता है।

इस समय वसंत अपने पूर्ण वैभव में होता है। प्रकृति अपने पीले मुरझाए पत्तों को त्यागकर नवीन कोंपल धारण कर लेती है। विविध प्रकार के फूल खिलकर धरती का शृंगार करते हैं। इस समय प्रकृति का उल्लास देखते ही बनता है। पलाश के फूल अपने सौन्दर्य से वन-उपवन सजाते हैं। आम्र-मंजरी वायु को सुवासित करती है। कोयल अपने मधुर स्वर में नववर्ष का मंगल-संदेश गाने लगती है।

धरती माँ अनुपम सजे, मन में भर अनुराग।
नव कोंपल धारण करे, पीत पत्र को त्याग।

नवसंवत्सर के आगमन के साथ ही खेतों में रबी की फसलें परिपक्व होकर किसान की प्रतीक्षा पूरी करती हैं। इस समय गेहूँ, चना, सरसों, जौ और मटर जैसी फसलें कटाई के योग्य हो जाती हैं। महीनों के परिश्रम, धूप-पाले की परीक्षा और आशा-आशंका के बीच बोया गया बीज जब सुनहरी बालियों और भरे हुए दानों में बदलता है, तो किसान का हृदय स्वतः उल्लास से भर उठता है। नवसंवत्सर की प्रभात किरणें मानो खेतों में लहलहाती फसल पर मंगल तिलक कर देती हैं। खलिहान में आती उपज केवल अन्न नहीं होती, वह परिश्रम की सफलता, ऋतुचक्र की पूर्णता और नए वर्ष के विश्वास का प्रतीक होती है। इसी संतोष के साथ किसान पुराने वर्ष का लेखा समेटता है और नए संवत्सर में नई आशाओं, नई योजनाओं और नई फसलों के स्वप्न बो देता है। व्यापारी नए बही-खाता आरंभ करते हैं। इस प्रकार विक्रम संवत्सर आर्थिक अनुशासन और नवयोजना का आधार भी है।



विक्रम संवत्सर हिंदुत्व की पहचान और सनातन की परंपरा का सजीव प्रतीक है, इस संवत् की धुरी पर पुरुषार्थ-चतुष्टय 'धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष' ऐसे गुँथे हैं जैसे एक ही माला के चार सुगंधित पुष्प। विक्रम संवत्सर संस्कृति और समाज को भी संतुलन में बाँधता है। इसलिए यह संवत् समय की गणना भर नहीं, जीवन की साधना है- जो व्यक्ति, परिवार और समाज को एक सूत्र में पिरोकर सनातन चेतना को पीढ़ी-दर-पीढ़ी जीवित रखता है। हमें अपने नव वर्ष को परिवार के साथ उल्लास एवं उमंग से मनाकर अपनी संस्कृति को आगे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना चाहिए।

भारत विविधताओं का देश है, इसलिए यहाँ नववर्ष विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग नामों और तिथियों पर मनाया जाता है। यद्यपि उत्सवों के नाम, रीति-रिवाज, भाषाएँ और व्यंजन भिन्न होते हैं, फिर भी नवजीवन, नवआरंभ और उल्लास का मूलभाव एक-सा रहता है। यही भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रमाण है। चंद्र-सौर पंचांग पर आधारित नववर्ष सामान्यतः चैत्र मास मनाया जाता है। इस परंपरा के अंतर्गत महाराष्ट्र और गोवा में गुड़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना में उगादी और कर्नाटक में युगादि के रूप में नवसंवत्सर मनाया जाता है। वहीं कुछ प्रांतों में नववर्ष शुद्ध सौर पंचांग के अनुसार अप्रैल के मध्य मनाया जाता है- तमिलनाडु में पुथांडु, केरल में विषु, पंजाब में बैसाखी और पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के रूप में मनाया जाता है। भाषाएँ बदलती हैं, व्यंजन बदलते हैं, परंतु नवचेतना, आशा और उल्लास का भाव सर्वत्र समान रहता है।

भारतीय संस्कृति अत्यंत प्राचीन और सनातन परंपराओं से जुड़ी हुई है, जिसमें कालगणना का आधार प्रकृति, ऋतु और खगोल रहे हैं। यह माना जाता है कि भारतीय कालबोध का प्रभाव विश्व की अनेक सभ्यताओं पर पड़ा। यूरोप सहित कई क्षेत्रों में प्राचीन काल में नववर्ष मार्च के अंत के आसपास मनाया जाता था। बाद में जब यूरोप में जूलियन कैलेंडर के स्थान पर ग्रेगोरियन कैलेंडर लागू किया गया ( 16वीं शताब्दी ), तब नववर्ष की तिथि 1 जनवरी निश्चित कर दी गई। जो लोग इस परिवर्तन से अनजान थे या परंपरागत तिथियों पर ही नववर्ष मनाते रहे, उन्हें उपहास में अप्रैल फूल कहे जाने की धारणा प्रचलित हुई। आज ग्रेगोरियन कैलेंडर को विश्वभर में नागरिक (Civil) और अंतरराष्ट्रीय कार्यों के लिए स्वीकार किया गया है, परंतु यह संस्कृति-आधारित एकमात्र कैलेंडर नहीं है। विक्रम संवत् आज भी भारत और नेपाल में धार्मिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक रूप से जीवित है, जो यह सिद्ध करता है कि आधुनिकता के साथ परंपरा भी समानांतर चल सकती है। जहाँ अंग्रेजी नववर्ष शीत की रात्रि में, कृत्रिम प्रकाश और कोलाहल के बीच जन्म लेता है, वहीं विक्रम संवत्सर प्रकृति की गोद में, प्रभात की नव किरणों के साथ अवतरित होता है।

भारतीय जीवन-दर्शन में समय संस्कारों से सुवासित यात्रा है। यहाँ काल न तो दीवार पर टँगी घड़ी की सुइयों में कैद है और न ही केवल तिथियों की शुष्क सूची में। वह ऋतुओं के साथ मुस्कराता है, पर्वों के साथ गाता है और मनुष्य के जीवन में नवचेतना बनकर प्रवेश करता है। इसमें प्रकाश है, प्रकृति है और प्रयोजन है।

हम भारतीयों को विक्रम संवत्सर उत्साह एवं उमंग के साथ मनाना चाहिए क्योंकि यह हमें हमारी पहचान से जोड़ता है। यह संवत् हमें बताता है कि आधुनिक होना अपनी परंपरा को छोड़ना नहीं, बल्कि उसे समझकर आगे बढ़ना है। विक्रम संवत्सर वह दीप है, जो अतीत की लौ से जलकर भविष्य को प्रकाश देता है।



निज संस्कृति और सभ्यता का, सदा करें सम्मान।
भारत की संस्कृति-पालन से, होता है उत्थान।।
नया साल मंगलमय शुभ हो, हो आनंद बहार।
कुरीतियों के जाल कटें सब, जन-जन-मन हो प्यार।।

■ सुनीता माहेश्वरी



# सनातन उत्सव एवं समाजोत्थान :

## परंपरा, संस्कृति और सेवा का समन्वय

हिंदू पंचांग के चैत्र मास में प्रवेश करते ही संपूर्ण भारतीय जीवन उत्सवों की पावन आभा से आलोकित हो उठता है। यह वह समय है जब प्रकृति नव-पल्लवों से सुसज्जित होकर नवजीवन का संदेश देती है और मानवीय चेतना भी नववर्ष की ऊर्जा, शक्ति की उपासना, मर्यादा के आदर्श और राजस्थानी संस्कृति की मधुर परंपराओं से अनुप्राणित हो जाती है।

सनातन संस्कृति में पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण और नैतिक मूल्यों के संवाहक होते हैं। श्री माहेश्वरी समाज, जो अपनी गौरवशाली परंपराओं और सामाजिक दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहा है, इन उत्सवों को केवल व्यक्तिगत आस्था तक सीमित न रखकर सामूहिक चेतना, सेवा और समाजोत्थान के माध्यम के रूप में मनाता है।

### नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि :

#### नव आरंभ और शक्ति साधना

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला हिंदू नववर्ष केवल समय परिवर्तन का संकेत नहीं, बल्कि आत्ममंथन और नव-संकल्प का शुभ अवसर है। विक्रम संवत् का यह प्रारंभ हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपने जीवन और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प लें।

इसी दिन से आरंभ होने वाली चैत्र नवरात्रि शक्ति आराधना का महान पर्व है। नौ दिनों तक माँ दुर्गा के विविध स्वरूपों की पूजा हमें यह संदेश देती है कि जीवन में साहस, संयम, श्रद्धा और सेवा भाव का समन्वय आवश्यक है।

श्री माहेश्वरी समाज में इन दिनों सामूहिक दुर्गा पाठ, भजन-कीर्तन और कन्या पूजन जैसे आयोजन समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ते हैं। विशेष रूप से महिलाएँ और युवतियाँ इन आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाकर समाज में नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश देती हैं।

''या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।''

### श्री राम नवमी :

#### मर्यादा और कर्तव्य का संदेश

चैत्र मास में मनाया जाने वाला श्री राम नवमी का पावन पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन का स्मरण कराता है। श्रीराम का जीवन धर्म, कर्तव्य, त्याग और न्याय का अनुपम उदाहरण है।

आज के आधुनिक युग में जब सामाजिक मूल्यों के समक्ष अनेक चुनौतियाँ खड़ी हैं, तब श्रीराम के आदर्श हमें जीवन में संयम, अनुशासन और सेवा का मार्ग दिखाते हैं।

श्री माहेश्वरी समाज इस अवसर पर रामचरितमानस पाठ, भजन संध्या और सेवा कार्यों का आयोजन करता है। कई स्थानों पर रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। यह परंपरा इस बात का प्रतीक है कि सच्ची भक्ति केवल पूजा तक सीमित नहीं होती, बल्कि सेवा के रूप में समाज तक पहुँचती है।

''रामेति रामभद्रेति रामचन्द्रेति वा स्मरन्।
नरो न लिप्यते पापैर्भुक्तिं मुक्तिं च विन्दति।।''

### हनुमान जन्मोत्सव :

#### भक्ति, शक्ति और समर्पण

चैत्र मास में ही हनुमान जन्मोत्सव का पर्व भी आता है, जो भक्ति और शक्ति के अद्भुत संगम का प्रतीक है। भगवान हनुमान का जीवन निष्ठा, साहस और गुरु-भक्ति का आदर्श उदाहरण है।

माहेश्वरी समाज इस दिन सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ और भजन संध्या जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर सामूहिक आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण करता है। यह पर्व हमें यह प्रेरणा देता है कि दृढ़ विश्वास, सेवा भावना और विनम्रता से ही व्यक्ति और समाज दोनों का उत्थान संभव है।

### गणगौर :

राजस्थानी संस्कृति और नारी सम्मान का पर्व राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान के रूप में गणगौर का पर्व विशेष महत्व रखता है। यह पर्व माता गौरी और भगवान शिव के दिव्य दांपत्य का प्रतीक है तथा विवाहित महिलाओं के सौभाग्य और अविवाहित युवतियों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना से जुड़ा हुआ है।

माहेश्वरी समाज में गणगौर का उत्सव अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सजकर गणगौर पूजन करती हैं, मेहंदी सजाती हैं, लोकगीत गाती हैं और सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेती हैं। जयपुर सहित राजस्थान के अनेक नगरों में गणगौर की शोभायात्राएँ और सांस्कृतिक संध्याएँ इस परंपरा को जीवंत बनाए रखती हैं। यह पर्व न केवल नारी के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि पारिवारिक मूल्यों और सांस्कृतिक एकता को भी सुदृढ़ करता है।

''गौरी ईश्वर की कृपा से सौभाग्यवती भव।
गणगौर पूजन से जीवन सुखमय हो।''

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस :

#### नारी शक्ति का सम्मान

मार्च माह में मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। सनातन संस्कृति में नारी को सदा से शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का स्वरूप माना गया है।

माँ दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी के रूप में नारी के विविध आयामों की पूजा यह दर्शाती है कि समाज में नारी का सम्मान और सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है।

श्री माहेश्वरी समाज की महिलाएँ शिक्षा, समाज सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महिला मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम समाज में जागरूकता और प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।

**समाजोत्थान का मार्ग :**

उत्सव से सेवा तक सनातन संस्कृति में उत्सव केवल आनंद का माध्यम नहीं, बल्कि समाजोत्थान का पथ भी हैं। जब उत्सव 'स्व' से ऊपर उठकर 'सर्व' के कल्याण के लिए मनाए जाते हैं, तभी उनका वास्तविक महत्व प्रकट होता है।

श्री माहेश्वरी समाज इन पर्वों के माध्यम से तीन प्रमुख उद्देश्यों की पूर्ति करता है-

- **सांस्कृतिक संरक्षण :** नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध परंपराओं, रीति-रिवाजों और मूल्यों से जोड़ना।
- **सामाजिक एकता :** सामूहिक कार्यक्रमों और आयोजनों के माध्यम से समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना।
- **सेवा और परोपकार :** जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाना।

अंततः समाज को यह संदेश है कि सनातन परंपराएँ केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इन पर्वों की पावनता हमें यह सिखाती है कि जीवन में धर्म, सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।

आइए, इस चैत्र मास में हम सभी यह संकल्प लें कि अपने उत्सवों को केवल परंपरा तक सीमित न रखकर उन्हें समाज सेवा, सांस्कृतिक जागरण और मानव कल्याण का माध्यम बनाएँ।

''राम नाम महामंत्र है, जपते रहो निरंतर है। गणगौर शक्ति का स्वरूप, माहेश्वरी समाज का गौरव अखंड है।''



■ बिट्ठल दास चौधरी

### समरसता संदेश

घर कितना भी साफ हो नित्य सफाई के बाद भी धूल तो दिखाई दे ही जाती है

ऐसे इंसान ही कितना भी अच्छा हो भूल तो हो ही जाती है

जिंदगी में हर किसी को अहमियत देना स्वभाव बनाए रखिए

क्योंकि जो अच्छे होंगे वो साथ देंगे और जो बुरे होंगे वो सबक देंगे

जिंदगी जीने के लिए सबक और साथ दोनों जरूरी होता है

ऐसे ही आपका मन किसी के प्रति कितना ही सद्भाव रखता हो,समय-समय पर अभिव्यक्त करना भी जरूरी है,

नही तो मन सकारात्मक होते हुए भी कभी न कभी नकारात्मक ध्वनि सुना सकता है। -किशन राठी

चैत्र मास

# त्यौहारों की बौछार

आया चैत्र मास, उमंगों का उजास
ऋतु ने ओढ़ा नव-वसन, जागा मधुमास
आज ही सृष्टि का प्रथम प्रभात हुआ
जब ब्रह्मा ने रचा यह अनुपम आकाश
रंगों की स्मृति अभी भी भींगी है
भक्ति-दीप से हर देहरी सींगी है
धूप-अगरु की सुगंध में घुला विश्वास
मन-मंदिर में गूंजे आरती-रास
कुंवारी कन्याएँ सजें सोलह श्रृंगार
पूजें गणगौर सोलह दिवस अपार
आस्था के आँगन खिले अनुराग

सौभाग्य सुमन से सजा रिश्तों का फाग
नव संवत्सर 2084 का हुआ शुभारंभ
समय-चक्र ने लिया नव संकल्प
पंचाशतिक गति में नाम पराभव धरा
नव स्वप्नों का स्वर्णिम कल्प निखरा
गुड़ी पड़वा ने फहराई विजय पताका
घर-घर ऊँची गूँजी शुभध्वनि की झांझा
उगादि ने मीठा-संदेश सुनाया
जीवन में खट्टा-मीठा संग अपनाया
आया नवरात्रि का पावन काल
जपा गया हर श्वास में दुर्गा का नाम
नौ दिवस डूबा भक्तिरस में संसार
शक्ति-साधना से पावन हुआ व्यवहार
राम नवमी पर मंगल ध्वनि छाई
अयोध्या-सा हर घर जगमगाई
जन्में राम लला करुणा के धाम

भजनों से गूँजा धरा-अंबर नाम
आरती वंदन मंगल-गान
मिठाई बधाई और हर्ष-विधान
बही-खाते लेखनी का पूजन कर
नव व्यापार को मिला शुभ-प्राण।
फिर आई हनुमान जयंती की घड़ी महान
गूँजे जय बजरंग का गान
भक्ति-बल से पुलकित जहान
श्रद्धा से सजा हर प्राण

पवन गुनगुनाए कलियाँ मुस्काएँ
धरती नव श्रृंगार सजाएं
चैत्र मास ने बाँटी सौगात अपार
त्यौहारों की बरसी फुहार
नव संवत् का यह मधुर प्रकाश
हर हृदय में आशा का वास
यह है हमारा चैत्र मास
सबके लिए सदा ही खास।



■ मीना प्रदीप बिनानी

# विरासत

पूर्वजों के द्वारा प्रदत्त
है हमें विरासत
हम सभी का अतुलनीय
धन है विरासत।

पा सकते क्या कभी
इस अनुपम धन को ?
अगर अनमोल ना समझे
हम अपनी विरासत।

राम का लोक-कल्याण
भाव मिला हमें विरासत में
गीता द्वारा कृष्ण ने
दिया ज्ञान विरासत में
महावीर बुद्ध गुरु नानक
का चिंतन
जीवन में आत्मसात्
करने को मिला विरासत में।

धन महल या भौतिक
वस्तुएं ही नहीं होती विरासत
विचार, उदात्त चिंतन की
स्वर्णिम अभिव्यक्ति है विरासत।

हमें प्रेरणा देती है जीवन
में आभा लाने की
बहुत समृद्ध होती है
हमारे जीवन में यह विरासत।

तुलसी सूर कबीर का साहित्य हो
या गुरु ग्रंथ साहिब का गायन हो
संकलन हमारे समृद्ध करते
हमारी उत्कृष्ट विरासत को
वेद पुराण से आज तक आगे
बढ़ रही हमारी विरासत।

विवेकानंद का ज्ञान दर्शन हो
या गीता मार्गदर्शन तिलक का
सुभाषचंद्र की स्वतंत्रता की हुंकार हो
भाव हो उत्सर्ग का भगतसिंह जैसा
देखो दमकती देश की
विरासत गर्वित
हम और यह हमारी विरासत।

पूर्वजों द्वारा प्रदत्त है,
हमें हमारी विरासत
मन वचन कर्म से करें
इसकी हिफाजत
नव संवत्सर में बोकर
नव संकल्पों को
लहरायें हमारी गरिमामयी विरासत।



✿ अंजना पसारी

# जन जन के है नायक रामजी
## मन को लागे सुखदायक रामजी



भारतीय संस्कृति में श्री राम का अवतार जन मानस में इतने तक गहरे तक पैठा हैं कि जो सिर्फ अयोध्या तक ही सीमित नहीं होकर घर-घर तक सबको प्रेरित करता है और जो भी राम का नाम लेता है उसे राम अपने से लगते हैं। श्री राम त्रेता युग में होकर भी आज कलयुग तक हर सनातनी के मन में गहरी छाप छोड़े हुए हैं। श्री राम का व्यक्तित्व इतना विशाल है कि वह एक युग में नहीं समा सकता। हम सनातनियों के आदर्श, परम पूजनीय, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की महिमा और उनके व्यक्तित्व का वर्णन शब्दों में नहीं समा सकता। करुणा की मूरत, दया के सागर, श्री राम न सिर्फ भक्तों के प्रति पालक थे बल्कि दुष्टों के भी शरणागत है। उनका मन सज्जन और दुर्जन में कोई भेद नहीं करता। श्री राम के जैसा ना कोई पुत्र है ना पति ना मित्र वह तो हर रूप में परिपूर्ण है।

### राम जी के चरित्र की प्रमुख विशेषताएँ

**मर्यादा पुरुषोत्तम :-** श्री राम के व्यक्तित्व में मर्यादा कूट-कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मर्यादित रहकर जिया है इसीलिए जगत् ने उनको मर्यादा पुरुषोत्तम कहा है। मर्यादा में रहने के लिए उन्होंने अनेकों कष्ट सहे हैं लेकिन मर्यादा को कभी नहीं छोड़ा।

**वचन पालनकर्ता :-** श्री राम ने वचन पालन करने के लिए अपने आप को ही समर्पित कर दिया। पिता के वचनों का पालन करने के लिए राज्याभिषेक को छोड़कर वनवास चले गए। सुग्रीव को दिए मित्रता का वचन पूरा करने के लिए बाली के व्यंग्य बाणों का सामना किया। वचन का पालन करने के लिए अपने प्राणों से प्रिय भाई लक्ष्मण का भी त्याग कर दिया।

**मातृ पितृ भक्त :-** श्री राम के जैसा पुत्र पाना माता-पिता का सौभाग्य होता है। श्री राम ने अपने मन वचन और कर्म से कभी भी अपने माता-पिता का दिल नहीं दुखाया। पिता के वचनों को पूरा करने के लिए पिता के न चाहते हुए भी वनवास गए। माता कैकेई द्वारा अपने वचन में उनके लिए वनवास माँगने पर भी माता कैकेई के लिए उनके मन में जरा सा भी प्रेम कम नहीं हुआ था। वे अपनी तीनों माताओं का समान आदर करते थे।

**पत्नीव्रता :-** श्री राम ने एकल पत्नी व्रत का हमेशा पालन किया। माता सीता के अयोध्या त्यागने के पश्चात भी अश्वमेध यज्ञ के समय उन्होंने माता सीता की सोने की प्रतिमा बनाकर यज्ञ संपूर्ण करवाया लेकिन कभी भी दूसरे विवाह के लिए राजी नहीं हुए। उन्होंने माता सीता से बिछोह का दंश झेला। लोकमान्यताओं में श्री राम को माता सीता की अग्नि परीक्षा के लिए भी दोषी ठहराया जाता है लेकिन उसमें भी माता सीता के प्रति प्रेम और सम्मान छिपा था।

**प्रजापालक राजा :-** श्री राम के जैसे राजा कभी नहीं हुए थे इसीलिए राम राज्य आज भी हर युग में हर मानव का सपना होता है। जिस राजा ने अपनी प्रजा का आधा सच सुनकर भी अपनी प्रिय पत्नी को त्याग दिया उस राजा के राज्य में किसी भी प्रजा को क्या दुख हो सकता है वह स्वयं माता सीता के विरह में जलते रहे लेकिन अपनी प्रजा को किसी भी तरह का कोई कष्ट न हो इसका ध्यान रखा। इतने निस्वार्थ राजा रानी होना और ऐसे पति-पत्नी होना उस प्रजा में किसी वरदान से कम नहीं है।

**सच्चे मित्र :-** श्री राम की मित्रता भी जगत् में एक उदाहरण है, चाहे निषाद राज से मित्रता हो चाहे सुग्रीव से। उन्होंने मन वचन कर्म से हमेशा मित्रता का निर्वाह किया है। निषाद राज और सुग्रीव दोनों ही उनसे हर क्षेत्र में साधारण थे। श्री राम रघुकुल की राजकुमार थे फिर भी जात-पात, ऊँच-नीच से परे रहकर उन्होंने सिर्फ मित्रता की और उसका निर्वाह किया।

**भक्तवत्सल :-** जैसे भक्तों में भक्त हनुमान है वैसे ही भक्त वत्सल श्री राम है। राम जी ने हनुमान जी के लिए कहा है कि 'तुम मम प्रिय भरत सम भाई'। अपने परम भक्त को अपने भाइयों के जैसे स्नेह दिया। राम जी ने जटायू, अहिल्या, शबरी आदि भक्तों का उद्धार किया। शत्रु के भाई को भी शरण देकर अपने हृदय से लगाकर मित्र बनाया।

राम जी तो गुणों की खान है। वह गुरु आज्ञा पितृ आज्ञा मातृ आज्ञा को पूर्ण करना अपना परम कर्तव्य मानते थे। श्री राम तो प्रेम की ऐसी मूरत थे कि परशुराम जैसे क्रोधी मुनि का भी मन प्रेम से शीतल कर देते थे। विनम्र इतने कि स्वयं ईश रूप होते हुए भी सागर से रास्ता देने के लिए प्रार्थना की। राम जी का व्यक्तित्व जितना मननीय है उतना ही पठनीय भी। राम जी का चरित्र श्रवण तो ऐसा शीतल झोंका है जो मन में उठे बड़े से बड़े तूफान को भी शांत कर देता है। राम जी के जीवन का अनुकरण करके हम स्वयं तो कृतार्थ होंगे ही अपने पीछे और आगे आने वाली पीढ़ियों को भी कृतार्थ करेंगे।

राम केवल नाम नहीं है,<br>
जीवन का है आधार।<br>
इनसे ही सिंचित है,<br>
यह सारा संसार।।



■ विनीता काबरा 'मोहिनी'

### समरसता संदेश

संग सुई-धागा रखो,<br>
करो सिलाई मीत।<br>
यों ही शुभता आ सकें,<br>
साधो, सुन्दर रीत।।

गाओ, मिलकर साथियो,<br>
सुन्दर मीठे गीत।<br>
नहीं कहीं पर राखिए,<br>
बीच दिलों के भीत।।

द्वारका प्रसाद तापड़िया



# परीक्षा में अंकों का तनाव, रचनात्मक अभिव्यक्ति

मेरे दृष्टिकोण में ष्परीक्षा डर नहीं- अर्जित ज्ञान, क्षमता को प्रदर्शित करने का एक अवसर होता है।

आत्मविश्वास के साथ शांत और एकाग्रचित्त होकर दिया गया अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अंकों के दबाव को समाप्त करता है।

लेकिन सत्य यही है, आज भी रोजगारोन्मुखी शिक्षा नीति के अभाव से परीक्षा परिणाम को अंकों ( कट ऑफ ) से निर्धारित करने का मानसिक दबाव अशांति एवं परिणाम लक्ष्यों से भटकाव का कारण बन स्वयं को दूसरे की तुलना में कमतर अंकों से कमजोर समझ कर हतोत्साहित होकर, स्वयं की रचनात्मक,आय उपार्जन के अन्य स्रोत विकसित की विविध नवाचार क्षमताओं से विमुख होकर स्वयं को अंकों की तराजू में तौलकर अनपेक्षित अंक महत्वाकांक्षी निर्णय प्रवृत्ति आज युवाओं,किशोर वय विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों के लिए काफी नुकसान दायक सिद्ध हो रही है।

एक शिक्षा

आज शिक्षा का लक्ष्य एन-केन-प्रकारेण डिग्रियां हासिल कर 6 अंकों वाले वेतन-वर्ग की नौकरी प्राप्त करने तक सिमट कर रह गया।

यह निर्विवाद सत्य है, जैसे पेन और स्याही, ईंधन और इंजन एक दूसरे के पूरक है, वैसे ही शिक्षा और श्रम भी एक दूसरे के पूरक है। आज का विद्यार्थी पास बुक, वन वीक सीरीज के सहारे येन केन प्रकारेण डिग्रियां तो प्राप्त कर लेता है लेकिन योग्यता ( स्किल ) के अभाव से फिर भी बेरोजगारी के जंगल ( कट ऑफ ) में नौकरी को ही जीवन लक्ष्य मानता है जबकि कस्तूरी मृग सी स्वयं की क्षमताओं का दोहन नहीं करता स वरिष्ठ युवाओं की यह परंपरागत प्रवृत्ति किशोर विद्यार्थियों को अंकों की दौड़ में सबसे आगे रहने की आग में झोंकने को विवश करती है। परिणामतरू आज शिक्षा का लक्ष्य कार्यकुशलता, गुणवत्ता, से भटक कर 'कट ऑफ' तक समर्पित होकर रह गया।

भले ही अब शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने के नवाचार होने लगे है लेकिन अंकों के दबाव ( कट ऑफ ) एवम् रोजगार के अवसरों को असमान वितरण करने वाली संवैधानिक विसंगति ( आरक्षण ) के दुष्प्रभाव विद्यार्थियों को अंक प्रतियोगिता से बाहर नहीं निकलने दे रही, जिससे 'अंक समस्या' के मूल कारण यथावत विद्यमान है।

भले ही आज के नए वैश्विक युग में ''ऑरेंज अर्थव्यवस्था'' का बिगुल बज चुका है। अब तकनीक ही नहीं बौद्धिकता, रचनात्मकता भी आय उपार्जन के नए संसाधनों के रूप में प्रतिस्थापित हो रहे है। तकनीकी ज्ञान, श्रम समर्पण, कविता, लेख, साहित्य सृजन, विज्ञान के नए प्रयोग, कम मेहनत में अधिक आय उपार्जन के विकल्पों का चयन कर समय के साथ कदमताल मिलाकर चलने के लिए मोबाइल, AI (Artificial Intelligence) का उपयोग आय उपार्जन के अन्यान्य विकल्प अंक दवाब को कम करने में कितने उपयोगी सिद्ध होंगे यह तो समय बताएगा लेकिन आत्मविश्वास के साथ छात्र ( भविष्य नई पीढ़ी )अपनी तैयारी पर भरोसा रखें, वही अभिभावक भी अपनी अनुचित अपेक्षाओं को त्याग कर बच्चों के मनोबल बनाए रखने के लिए वार्ता समय निकालने का अपना दायित्व समझे कि अंक योग्यता का मापदण्ड नहीं है, यह अल्पकालिक होता है। अंक से अधिक महत्व व्यक्तिगत रुचियों, लक्ष्य निर्धारण के लिए अनवरत नया सीखने की क्षमता को महत्व देना होगा।

विषय की सार्थकता के लिए एक कहानी को जोड़ना विषयोचित है।

समय की जरूरतरू हमें घर के अध्ययन रत बच्चों को अधिक अंक लाने की जगह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित करते रहना चाहिए।



'अंक योग्यता का मापदण्ड नहीं है' प्रतिभा विकास के लिए योजनाबद्ध समय समर्पण ही समयोचित जरूरत है।

✦ बाल कृष्ण जाजू 'बालक'

**एक प्रसंग :** एक बच्चा दसवीं में फेल हो गया, बच्चा अधिक अंक लाने वाले से स्वयं की तुलना कर नर्वस नहीं हो जाए, समझदार पिता ने सब कक्षा छात्रों एवं रिश्तेदारों को बुलाकर एक शानदार पार्टी दी यह जताने के लिए कि मेरा बेटा इस बार भले ही फेल हो गया, अगली बार बेहतर परिणाम निकाल कर लाएगा स अंकों का यह 'समाप्त दबाव' आज की जरूरत विषय का सार है।

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

एवं

## GMCKS Pranic Healing Trust of Rajathan
## GMCKS Pranic Healing Foundation of Rajasthan

PRANIC HEALING



संयोजक :
श्रीमती पूनम दरगड़
9680227414

Scan QR for Registration*

# Wesak Meditation
# (वैशाख ध्यान)

DATE FRIDAY 01ST MAY 2026

8:00 PM - 11:30 PM

Takshila Auditorium
MPS Jawahar Nagar

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

**कमल किशोर साबू**
उपाध्यक्ष (समाज)

**पूनम चन्द भाला**
उपाध्यक्ष (अर्थ)

**भवानी शंकर बाहेती**
संयुक्त मंत्री

**रामअवतार काबरा**
संयुक्त मंत्री

**सीए. नटवर सारड़ा**
अर्थमंत्री

**सुशील जाजू**
कोषाध्यक्ष

**देवेन्द्र झंवर**
संगठन मंत्री

**विजय सारड़ा**
प्रचार मंत्री

**बजरंग लाल सोमानी**
भंडार मंत्री

**अनिल कोठ्यारी**
सांस्कृतिक मंत्री

**स्नेहलता साबू**
अध्यक्ष

**ज्योति हुरकट**
सचिव

श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

**सीए. अखिल भाला**
अध्यक्ष

**सीए. प्रवीण परवाल**
सचिव

श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

कार्यक्रम के लिये रजिस्ट्रेशन आवश्यक हैं ।

## आनलाइन परिचय सम्मेलन का हुआ सफल आयोजन



माहेश्वरी इंटरनेशनल मैरिज ब्यूरो (अंतर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर) द्वारा 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित जूम मीटिंग परिचय सम्मेलन का प्रारम्भ समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महामंत्री श्री रोहित परवाल एवं चेयरमैन मैरिज ब्यूरो श्री कमल किशोर साबू, विवाह प्रकोष्ठ मंत्री श्री श्याम सुन्दर जाजू के उद्बोधन से हुआ।

कुल 296 रजिस्ट्रेशन (84 युवती प्रत्याशी व 212 युवक प्रत्याशी) में से 73 युवती एवं 113 युवक (कुल 186 प्रत्याशियों) ने परिचय हेतु लाइव भाग लिया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में 43 चैट रूम क्रिएट हुए, जिनमें लगभग 200 युवक/युवती प्रत्याशियों ने आपस में परिचय प्राप्त कर उद्देश्यपरक कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में न्यूयार्क, शिकागो, सिडनी, नेपाल, दुबई, कनाडा, यू.के. सहित देशभर के उपस्थित प्रत्याशी सहभागियों ने समय, समर्थन उपलब्ध करवाकर जयपुर माहेश्वरी समाज के इस समाज समर्पित कार्यक्रम को लाभकारी बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों की अनवरतता को बनाए रखने का समर्थन किया। **परिचय सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन होने के बाद से दो संबंध तय होने की सूचना प्राप्त हुई है।**

कार्यक्रम संयोजक श्री बालकृष्ण जाजू, सह संयोजक एवं तकनीक सहयोगी श्री गोविन्द तोतला, समन्वयक श्री घनश्याम भण्डारी द्वारा कार्यालय में सक्रिय सहभागिता साथ कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन किया गया। मुख्य समन्वयक श्री राजेन्द्र मूंधड़ा, समन्वयक श्री संजय राठी, श्री राजेन्द्र कोठारी, श्री गिरधर भाला, सर्वश्रीमती ज्ञान लाहोटी, सुनीता सोमानी, कल्पना मल्हड़, सुनीता जैथलिया, रजनी राठी एवं अन्य टीम सदस्यों ने ऑनलाइन सहभागिता प्रदान की।

आगामी प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को बायोडाटा अवलोकन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## महिला दिवस पर शहर भ्रमण



श्री माहेश्वरी महिला परिषद् द्वारा महिला दिवस के अवसर पर परिषद् की बहनों में नव ऊर्जा, उत्साह और आपसी अपनत्व को प्रोत्साहित करने के लिए जयपुर भ्रमण का सुंदर आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों को सुपर महिला के रूप में सम्मानित करते हुए आकर्षक उपहार भी प्रदान किए गए। परिषद् की अध्यक्षा स्नेहलता साबू एवं सचिव ज्योति हूरकट ने सभी बहनों को महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया।

## नवयुवक मंडल द्वारा AI के स्मार्ट उपयोग पर कार्यशाला आयोजित




श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल, जयपुर द्वारा "Smart Use of AI in Business" विषय पर कार्यशाला का आयोजन टिलक नगर स्थित MPS International School के कंप्यूटर लैब में किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता CA अखिल पचौरी ने व्यवसाय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग की जानकारी देते हुए विभिन्न AI टूल्स का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।

मंडल अध्यक्ष CA अखिल भाला ने कहा कि आज के डिजिटल युग में नई तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। वहीं सचिव CA प्रवीण परवाल ने बताया कि माहेश्वरी समाज के युवाओं और व्यवसायियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में संयोजक CA अंशुल आगीवाल तथा आईटी एवं स्किल डेवलपमेंट सचिव गौरव जाजू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को Clienthelpdesk Advisors Pvt. Ltd. के डायरेक्टर श्री अर्पित होलानी एवं श्रीमती भाग्यश्री होलानी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



### आगामी अंक
### "युगबोध : AI का नया दौर"
### के लिए आलेख, अनुभव एवं रचनात्मक सामग्री आमंत्रित

जयपुर माहेश्वरी पत्रिका का आगामी अप्रेल, 2026 अंक "युगबोध : AI का नया दौर" विशेषांक निर्धारित किया गया है। इस विषय पर समाज के विशेषकर युवाओं से भी हिन्दी में आलेख एवं रचनाएं आमंत्रित हैं। आज के समय में AI (Artificial Intelligence) की बढ़ती भूमिका पर आपके लेख, अनुभव एवं विचार आदि 31 मार्च 2026 तक जयपुर माहेश्वरी पत्रिका के ई-मेल jmpatrika@gmail.com अथवा मो. नं. 8233681813 पर व्हाट्सएप करने का श्रम करें। प्राप्त उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पत्रिका में स्थान दिया जायेगा। रचनाएँ प्रकाशन का अंतिम निर्णय संपादक मंडल का रहेगा।

– संपादक

# किड्स जोन

पत्रिका के इस अंक में बच्चों के लिए किड्स जोन के दो पृष्ठ दिये गये हैं, जिनमें आपके लिए विभिन्न रोचक गतिविधियाँ दी गई हैं। कृपया इनको पूर्ण कर अपनी प्रविष्टियाँ नाम, उम्र व मोबाइल नंबर सहित पत्रिका कार्यालय अथवा मेल आईडी jmpatrika@gmail.com पर प्रेषित करें। प्राप्त प्रथम 50 उत्कृष्ट प्रविष्टियों में से 5 प्रविष्टियों को ड्रॉ द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। **– संपादक**

## रंग भरकर चित्र को सुंदर बनाइए



### पिछले अंक में दी गई रंग भरो प्रविष्टियों में से प्राप्त प्रथम 5 उत्कृष्ट प्रविष्टियां



नाम
सुधि भण्डारी
सुपुत्री
श्री दीपक भण्डारी
आयु 7 वर्ष



नाम
नैतिक असावा
सुपुत्र
श्री विशाल असावा
आयु 12 वर्ष



नाम
प्रियल सारड़ा
सुपुत्री
श्री अरुण सारड़ा
आयु 8 वर्ष



नाम
तथ्य माहेश्वरी
सुपुत्र
श्री कपिल गिलड़ा
आयु 7 वर्ष



नाम
विवान मोदानी
सुपुत्र
श्री राहुल मोदानी
आयु 9 वर्ष

## Creative Corner



Find 12 Hidden objects in the picture

## WORD POWER

### VOCABULARY CORNER

### Learn, Play & Win

Each month, will share 10 new words. Use all of them to write a short passage or a story and mail it to us (jmpatrika@gmail.com). Save and remember these words—they'll help to participate in the Vocabulary Contest held every three months with fun activities like quizzes, crosswords and more. Winners will get prizes and a feature in the magazine.

**Set 6**

1. **Clean-shaven-**When a man's beard and moustache is shaved off.
2. **Kind-hearted-** one who thinks about someone and looks after them.
3. **To speak sagely-** To speak like someone who knows many things and has a lot of sense.
4. **Vision-** How well you see with your eyes.
5. **Jolly-** happy and cheerful.
6. **Bashful-** Shy and timid.
7. **To nap/doze/snooze-** To sleep for a short time.
8. **Snappy -** In a bad and irritable mood, to say rude things because you are in such a mood.
9. **Pamper -** to take care of someone very well and make them feel comfortable.
10. **Genteel-** behaving in a polite way.

## वर्ग पहेली-25

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | |
| | | 5 | | | | | | 6 |
| 7 | 8 | | | | | 9 | | |
| | | | 10 | | 11 | | | |
| 12 | | | | | | | 13 | |
| | | 14 | | 15 | | | | |
| 16 | | | | | | 17 | | 18 |
| | | | | 19 | | | | |
| | 20 | | | | | 21 | | |

### संकेत- बाएँ से दाएँ

1. निपुण, सही सलामत ( 3 )
3. भूरी आँखों वाली स्त्री ( 4 )
5. गाने वाला ( 3 )
7. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना ( 3 )
9. नमन, प्रार्थना ( 4 )
10. चंचल ( 4 )
12. न्यून, अल्प ( 2 )
13. लोग, आदमी ( 2 )
14. दाल पकाने की देगची ( 4 )
16. शिरोपाव, मौर ( 3 )
17. व्याकुल ( 3 )
19. छोटा सरोवर ( 5 )
20. तराई ( 4 )
21. छौंक, बघार ( 3 )

### वर्ग पहेली 24 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सु | र | 2 मा | | 3 द | र | 4 का | र | |
| वि | | 5 दी | वा | र | | ल | | 6 भं |
| 7 धा | 8 व | न | | वे | | 9 कू | ष्मां | डा |
| | स्तु | | 10 को | श | 11 की | ट | | फो |
| 12 अ | तः | | म | | म | | 13 हा | ड़ |
| मू | | 14 द | ल | 15 प | त | | सि | |
| 16 म | ध्य | म | | थ | | 17 आ | ल | 18 य |
| न | | क | | 19 रा | ह | त | | की |
| | 20 अ | ल | गा | व | | 21 प | व | न |

### ऊपर से नीचे-

1. वज्र ( 3 )
2. कर ( 3 )
3. क से ह तक वर्णमाला ( 4 )
4. लज्जालु स्त्री ( 4 )
६. मन-मुटाव ( 4 )
8. दास ( 3 )
10. छकड़ा ( 3 )
11. भोजनालय, तैयार भोजन ( 3 )
12. मूर्ख मौलवी, कट्टरपंथी ( 4 )
13. पिता, जन्म देने वाला ( 3 )
14. तराजू का बाँट ( 4 )
15. हँस-हँसकर पलट जाना ( 4 )
17. अनासक्त ( 3 )
1८. बातचीत का बनावटी ढँग ( 3 )

## नर सेवा, नारायण सेवा :

## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प

इस सेवा प्रकल्प में समाजबंधुओं के सहयोग से प्रत्येक गुरुवार को सायं 5 से 7 बजे तक जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया जाता है, जिसमें लगभग 400-500 लोग नि:शुल्क भोजन प्रसादी प्राप्त करते हैं।

**दिनांक : 19.02.2026**

सहयोगकर्ता : श्रीमती कुसुम-शशि कुमार तापड़िया

उपस्थिति : श्री विकास मोहता (संयोजक) एवं तापड़िया परिवार





**दिनांक : 26.02.2026**

सहयोगकर्ता : श्रीमती सुमित्रा देवी एवं श्रीमती रेणुका देवी-श्री राजेश कुमार खटोड़

उपस्थिति : संयोजक श्री

**दिनांक : 12.03.2026**

सहयोगकर्ता : श्रीमती श्यामा-अजयपाल शारदा (अंबाबाड़ी)

उपस्थिति : श्री पूनम चन्द भाला (उपाध्यक्ष, समाज) एवं शारदा परिवार



## अन्न सेवा का पुण्य अवसर

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा 'नर सेवा, नारायण सेवा' प्रकल्प के अन्तर्गत जे.के. लॉन अस्पताल के बाहर साप्ताहिक अन्न सेवा आयोजित की जाती है, जिसके अन्तर्गत लगभग 400-500 जरूरतमंद भाई-बहनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाता है। यह सेवा समाज द्वारा पिछले तीन वर्षों से सुचारू रूप से संचालित की जा रही है, जिससे समाज बंधु परोपकार के भागीदार बन पुण्य लाभ कमा रहे हैं।

सेवा भावना से प्रेरित बंधुजनों से विनम्रअनुरोध है कि आप भी 'अन्न सेवा' करवाकर इस पुण्य कार्य के सहभागी बनें।

**दिवस : प्रत्येक गुरुवार**

**स्थान : जे.के. लॉन अस्पताल, जे.एल.एन. मार्ग**

**सहयोग राशि : 8,100/-**

**सम्पर्क सूत्र :**

श्री विकास मोहता- संयोजक, अन्न सेवा मो. नं. : 99280 82094
समाज परिसर, थर्ड फ्लोर, एमपीएस इन्टरनेशनल,
तिलक नगर, भाभा मार्ग, जयपुर फोन न. 0141-2623500
(भोजन प्रसादी : चपाती, दो सब्जी, अचार, मिठाई-आगरे का पेठा)

## देहदान संकल्प पत्र पर आभार

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के निम्न समाज बन्धुओं द्वारा मरणोपरान्त अपनी देह का दान शरीर रचना विभाग को करने हेतु संकल्प पत्र भरकर मानवता की सेवा में इनके इस योगदान हेतु इनको सादर साधुवाद देता है।



एकता भाला
शास्त्री नगर

सुरेन्द्र बजाज, संयोजक
नेत्रदान देहदान प्रेरणा प्रकल्प समिति

## हमारे राम हमारे हनुमान



धन्य है माता अंजनी
जिसने जाया पुत्र हनुमान
वरदान पाकर श्रीराम जी का
रघुपति के चरणों में मिला स्थान।

ईश्वर भक्ति में आस्था रखकर
श्रीराम जी में लीन हुए
सीना चीरकर बताया जगत को
श्रीराम जी के हृदय तल्लीन हुए।

दुर्गम कार्य करने की
इनमें रही अपार क्षमता
तभी तो खोज कर लगाया
माता सीता का लंका में पता।

दृढ़ इच्छाशक्ति आत्मबल साधना से
स्वयं को परिवर्तित किया
सुरसा के मुख से आए बजरंगी
सहजता से प्रदर्शित किया।

भक्ति-शक्ति को कर जागृत
बुद्धि विवेक से सदैव आगे बढ़े
कर्तव्यनिष्ठा संवाद समय प्रबंधन से
सफलता के वो नव सोपान चढ़े।

प्रभु रामचन्द्रजी को जीवन समर्पित
लोक कल्याण के लिए दी निज सेवा
निष्काम कर्म से किया चरितार्थ
और पाया राम जी
चरणों का मेवा।



■ सरोज गट्टाणी

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



श्री माहेश्वरी डायलिसिस, डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर, निर्माण नगर द्वारा रोज गार्डन पार्क, रानी सती नगर में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के पार्षद श्री राजू अग्रवाल जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ कई गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया और आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने शिविर का लाभ उठाया।

शिविर में उपस्थित लोगों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई, जिसमें विशेष रूप से ब्लड प्रेशर (BP) एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। विशेषज्ञों द्वारा लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया तथा नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर का उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समय-समय पर जांच कराने के लिए प्रोत्साहित करना है। शिविर में लोगों का उत्साहजनक प्रतिसाद देखने को मिला और सभी ने इस पहल की सराहना की।

# आरोग्यम्
## A NATUROPATHY CENTER
(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से

### सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, आँव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पोंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।






### उपचार सुविधाएँ

गर्म ठण्डा सेंक | मिट्टी पट्टी | सर्वांग मिट्टी लेप | कटि स्नान

रीढ़ स्नान | गर्मपाद स्नान | भाप स्नान

आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश | एक्यूप्रेशर | आहार चिकित्सा

शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति | फिजियोथैरेपी

वैक्स बाथ | चुम्बक चिकित्सा | चादर लपेट

### उपचार दरें

| | |
|---|---|
| पंजीकरण (One Time) | ₹ 100 |
| परामर्श शुल्क (One Time) | ₹ 100 |
| दैनिक उपचार | ₹ 300 |
| साप्ताहिक उपचार | ₹ 1300 |
| पाक्षिक उपचार | ₹ 2,500 |
| मासिक उपचार | ₹ 4,500 |

| | |
|---|---|
| वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित) | ₹ 25,000 |
| आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन) | ₹ 100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [ साप्ताहिक-6 दिन ] | ₹ 500 |

संयोजक : मनीष मांधना- 94140 55412

सम्पर्क करें : डॉ. शेखर शर्मा ( कन्सलटेन्ट ) योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

9680058890
9829058890

समय : प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)



# फाल्गुन की फुहार

**महिला परिषद का रंगारंग कार्यक्रम, उत्साह के साथ मनाया गया त्योहार**

श्री माहेश्वरी महिला परिषद् द्वारा आयोजित 'फाल्गुन की फुहार' कार्यक्रम 'उत्सव' भवन, विद्याधर नगर में बड़े हर्षोल्लास और रंगोत्सव के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 500 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और फागुन के रंगों में सराबोर होकर होली का आनंद लिया।

परिषद् की अध्यक्षा स्नेहलता साबू ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं ने न केवल बढ़-चढ़कर सहभागिता की, बल्कि विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में धारा रंग राजस्थानी लोक संस्था के ललित जी के द्वारा चंग की थाप पर पारंपरिक फाग उत्सव प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में महिला परिषद् की सक्रिय सदस्याओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। विशेष अतिथियों सर्वश्रीमती मंजू जी काबरा, तारा जी काबरा एवं प्रेम जी काबरा का परिषद् सचिव श्रीमती ज्योति हुरकट एवं कार्यक्रम संयोजक श्रीमती स्नेहलता भाला द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

सह संयोजक श्रीमती सपना मालपानी ने यह भी बताया कि समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महामंत्री श्री रोहित परवाल एवं समाज उपाध्यक्ष श्री कमल साबू ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा आपस में फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में सभी ने ठंडाई, कांजी बड़े एवं सामूहिक भोजन प्रसादी का भरपूर लुत्फ उठाया। पूरे आयोजन में उत्साह, भाईचारा और सांस्कृतिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली।

















## श्री माहेश्वरी महिला परिषद, जयपुर

समाज की महिला बहनों के लिए
लेकर आ रहा है....

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर

## 'एक दिन- सिर्फ मेरे लिए'

यह कार्यक्रम
**'आरोग्यम - प्रथम सुख'**
विशिष्ट चिकित्सक
**डॉ. नेहा पारीक**
के परामर्श में आयोजित किया जाएगा।
जिसमें होगा...

- ऊर्जा पुनर्भरण
- अल्पाहार शुद्ध जल
- प्राकृतिक चिकित्सा
- पंचकर्म/एक्यूप्रेशर/फिजियोथेरेपी/सौन्दर्य चिकित्सा
- दोपहर का भोजन (लंच)
- गेम्स/स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
- हाउजी
- ग्रीन टी/अल्पाहार

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रथम 100 महिलाओं का ही रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

**7 अप्रैल, 2026**

**अभिनंदन भवन, मानसरोवर**

"आरोग्य ही परम सुख"

यह खास दिन उन्हीं 100 महिलाओं के लिए समर्पित रहेगा, जिन्होंने स्वयं को रजिस्टर कर लिया होगा।

कृपया कार्यक्रम की रूपरेखा एवं रजिस्ट्रेशन हेतु नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करें।

| | |
|---|---|
| स्नेहलता साबू | ज्योति हुरकट |
| अध्यक्षा | सचिव |
| 9828785881 | 9001177555 |

# श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक सेन्टर

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

पी-10ए, सेक्टर 2, उत्सव भवन के पास, विद्याधर नगर, जयपुर-39

फोन : 0141-2230511, 7976420180, 7976453416

Website : www.shrimaheshwaridiagnostic.com

समय : प्रातः 7.30 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

प्रातः 7.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक (रविवार)

3D व 4D कलर सोनोग्राफी सुविधा

आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों द्वारा जाँचें

**डॉ. विजेता सुल्तानिया**
MBBS, DMRD
कन्सलटेन्ट रेडियोलोजिस्ट
2D-ECHO
Timing : 9.30 AM to 1:30 PM

**डॉ. आर.सी. गुप्ता**
Sr. Doctor & Gen. Physician
Ex. Sr. MO,
Govt. H.B. Kanwatia Hospital
Physician in various famous hospitals
Timing : 9.30 AM to 1.30 PM

**डॉ. विकल्प वशिष्ठ**
MBBS (Ortho), DNB, MNAMS, MS (Ortho)
FJRS, JAF (Joint Replacement) & Arthroscopic Surgen
भारत के सुविख्यात जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ
10.30 AM - On Call

**डॉ. मनीष जैन**
MBBS, MD (Skin & VD)
चर्म एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
11:30 AM to 12:30 PM
(सोमवार एवं गुरुवार)

**डॉ. ख्याति माहेश्वरी**
Phisiotherapist
COMP, CDNP, CIASTM, CDCT, CKTT
9 AM to 2 PM

**डॉ. नेहा अग्रवाल तापड़िया**
B.D.S. (Gold Medalist)
M.D.S. (Pedodontics & Preventive Dentistry)
Ex. Medical Officer at Govt. Hospital
10 AM to 1 PM

**डॉ. संजय खटोड़**
(M.B.B.S., M.D. Physician)
श्वांस, दमा एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
Timing : 11.30 AM TO 1.30 PM

**डॉ. विवेक मालपाणी**
(M.S.E.N.T.)
नाक, कान, गला व एलर्जी रोग विशेषज्ञ
Timing : 3.30 PM TO 6.00 PM

सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन सुबह 7:30 बजे से प्रारंभ हो जाता है।

CT एवं Digital X-Ray

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री माहेश्वरी समाज के बढ़ते कदम

# 50% OFF FOR ALL MAHESHWARI'S

*TERMS AND CONDITION APPLY

जाँचें बहुत ही किफायती दरों पर की जाती हैं। नोट : सैम्पल कलैक्शन की सुविधा भी उपलब्ध है (शुल्क अतिरिक्त)

## PREVENTIVE HEALTH CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹2600/-

With Physician Consultation

- CBC
- LIPID PROFILE
- FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- BLOOD UREA
- CREATININE
- URIC ACID
- VITAMIN D3
- VITAMIN B12
- T3, T4, TSH
- HBAIC
- LIVER FUNCTION TEST
- ESR
- CALCIUM
- URINE ROUTINE
- PSA (MALE) / PRL (FEMALE)

X-Ray Chest PA, ECG

घर से सैम्पल के लिए सम्पर्क करें 7976420180

| | |
|---|---|
| Blood Sugar 35/- | SGOT 50/- |
| Cholesterol 40/- | Creatinine 45/- |
| SGPT 50/- | Urine R/E 50/- |
| Calcium 60/- | Uric Acid 60/- |
| CBC 120/- | E.C.G. 100/- |
| Thyroid Profile 300/- | CRP 150/- |
| Liver Function 250/- | Hb A1C 250/- |
| Lipid Profile 300/- | RFT 450/- |

## CARDIO DIABETES PACKAGE (खाली पेट)

Special Price ₹700/-

- CBC • FASTING BLOOD SUGAR
- POST PARANDIAL BLOOD SUGAR
- CREATININE • SGOT • URINE ROUTINE
- HbA1C • LIPID PROFILE • SGPT

## WHOLE BODY CHECKUP (खाली पेट)

Special Price ₹1299/-

- CBC • ESR • BLOOD SUGAR FASTING
- BLOOD SUGAR 2 HRS. PP • LFT
- RFT • LIPID PROFILE • IRON • TIBC
- URINE ROUTINE • ECG • X-RAY CHEST

## MRI 3.0 Tesla से

Special Price ₹3500/-

प्रबंध समिति 2025-2028

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उमेश सोनी | सी.ए. रोहित माहेश्वरी (परवाल) | डॉ. महेश भूतड़ा | मुरारी लाल बिड़ला | संदीप जाजू | कपिल सोमानी |
| अध्यक्ष | महामंत्री | स्वास्थ्य मंत्री | चेयरमैन | समन्वयक | संयोजक |



# ठहाकों और रंगों संग सजा हास्य कवि सम्मेलन, होली स्नेह मिलन में उमड़ा उत्साह

श्री माहेश्वरी समाज जयपुर की ओर से आयोजित हास्य कवि सम्मेलन-2026 एवं होली स्नेह मिलन का आयोजन दिनांक 28 फरवरी, 2026 को एमपीएस, जवाहर नगर स्थित तक्षशिला ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। पूरे सभागार में रंग, उमंग और ठहाकों की गूंज सुनाई दी। समाज महामंत्री सीए. रोहित परवाल ने बताया कि देश के ख्यातनाम कवियों सर्वश्री शशिकांत यादव, गौरव शर्मा, दीपिका माही, राजकुमार बादल, रामबाबू सिकरवार, दीपक पारीक, सपना सोनी एवं प्रहलाद चांडक ने हास्य, व्यंग्य, गीत और गजलों की शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी ने अपने संबोधन में समाज के विकास के लिए किए जा रहे नवाचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी सोशल मीडिया के दौर में ऐसे कार्यक्रमों से दूर हो रही है, जिन्हें इनसे जोड़कर समाज को सुदृढ करना है।

कार्यक्रम संयोजक श्री मनीष मोदानी ने बताया कि फागोत्सव के अंतर्गत प्रस्तुत होली गीतों और सांस्कृतिक झलकियों ने वातावरण को और अधिक रंगीन बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों एवं समाज बंधुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। लगभग 1000 से अधिक समाज बंधुओं की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का यूट्यूब के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया गया, जिससे देश-विदेश में बसे समाजबन्धु भी इस उत्सव से जुड़ सके। समारोह स्थल पर ठंडाई के रंग के साथ चंग धमाल का आयोजन भी किया गया, जिसका उपस्थित सभी समाजबन्धुओं ने भरपूर आनन्द लिया।

समाज प्रचार मंत्री श्री विजय सारड़ा ने बताया कि समाज की मातृशक्ति एवं युवा वर्ग की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया। इस बार समाज के उभरते हुए कवियों के लिए एक स्वरचित काव्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्कृष्ट 10 रचनाकारों सर्वश्री/श्रीमती अर्चना काबरा, गायत्री नवाल, कृतिका माहेश्वरी, मधु भूतड़ा 'अक्षरा', प्रिंसा (चारू) बांगड़, प्रियंका माहेश्वरी, सत्यनारायण शारदा, विजयलक्ष्मी नेवर, विजय सारड़ा, विनिता काबरा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



















QR for Video

कवि सम्मेलन में शामिल होकर सचमुच बहुत आनंद आया। सभी कवियों ने अपनी रचनाओं से वातावरण को रंगों और भावनाओं से सराबोर कर दिया। विशेष रूप से श्री ज्योति जी माहेश्वरी की ऑन दी स्पोट प्रस्तुति बहुत ही प्रभावशाली व सराहनीय रही। उनकी कविता ने कार्यक्रम में अलग ही आनंद व ऊर्जा का संचार किया। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने की बहुत सुंदर कड़ी है।

-संध्या चितलांगिया

## Audience Reviews

कवि सम्मेलन वाकई लाजवाब था। मंच संचालन से लेकर कवियों के चयन तक, इतना सटीक था कि समय का पता ही नहीं चला। शब्दों के इस उत्सव को इतने सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए पूरी टीम को बधाई।

-मयूरी हुरकट

होली स्नेह मिलन समारोह के कार्यक्रम में उत्साह, रंग और आपसी स्नेह की भावना ने सभी के दिलों को जोड़ दिया। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना को और मजबूत बनाते हैं।

-दीपिका-मुरारी बिड़ला

होली के अवसर पर आयोजित हास्य कवि सम्मेलन बहुत ही शानदार और मनोरंजक रहा। सभी कवियों ने अपनी रचनाओं से खूब हँसाया और माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम बहुत अच्छा लगा।

– Nidhi Apul Maniyar

फागुनी फुहारों में बहुत सुन्दर काव्य रस बरसा, तक्षशिला ही नहीं मन का आगंन भी सराबोर हो गया।

- कुसुम-देवकीनन्दन जाजू

होली स्नेह मिलन के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन बहुत अच्छा रहा। आज के समय में ऐसे साफ सुथरे हँसने-हँसाने के कार्यक्रम होने चाहिये । बहुत अरसे बाद इतना हँसनें और खुश हो कर ताली बजाने को मिला।

-संतोष चितलांगिया

इस बार कवि सम्मेलन का आयोजन बहुत ही शानदार रहा। हम 10 का सोच के आए थे लेकिन रात 12 तक हमें सभी कवियों ने बांधे रखा। सफल कार्यक्रम की बधाई।

-जया नौगजा

होली स्नेह मिलन के अवसर पर आयोजित हास्य कवि सम्मेलन थोड़ा विलंब से प्रारंभ हुआ, लेकिन उस दौरान मंच पर मौजूद दो एंकर बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का भरपूर मनोरंजन किया और रोचक जानकारी भी साझा की। इसके पश्चात प्रारंभ हुआ हास्य कवि सम्मेलन, जो वास्तव में अत्यंत शानदार रहा। लंबे समय बाद इतना खुलकर ठहाके लगाने का अवसर मिला। श्री ज्योति जी माहेश्वरी, जो हमारे समाज के संरक्षक भी हैं और एक बड़े भामाशाह के रूप में समाज में सम्मानित हैं, उन्होंने मंच से जो प्रस्तुति दी वह अविस्मरणीय थी। -राजीव बांगड

होली मिलन समारोह के अन्तर्गत कवि सम्मेलन बहुत ही यादगार और अच्छा प्रोग्राम था। समाज के प्रोग्राम बहुत अच्छे हो रहे हैं, देखकर मन खुश होता है।

सुनीता व सुनील मालपानी

# तक्षशिला सभागार में गूंजा क्रिकेट का रोमांच : भारत–न्यूजीलैंड फाइनल का लाइव टेलीकास्ट

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के तत्वावधान में खेल भावना और सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही में ICC Men's T20 World Cup 2026 के फाइनल मुकाबले का भव्य लाइव टेलीकास्ट आयोजित किया गया। जवाहर नगर स्थित तक्षशिला ऑडिटोरियम (MPS) में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों बंधु अपनी टीम का उत्साहवर्धन करने के लिए एकत्रित हुए।

**स्टेडियम जैसा माहौल :** भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए इस रोमांचक खिताबी मुकाबले को बड़ी स्क्रीन पर दिखाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। ऑडिटोरियम का माहौल किसी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम से कम नहीं लग रहा था। जैसे ही भारतीय खिलाड़ियों ने चौके-छक्के जड़े, पूरा सभागार तालियों और 'भारत माता की जय' के उद्घोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम में श्री उमेश सोनी, सीए रोहित परवाल, श्री कमल सोमानी, सीए संजय बांगड़ सहित समाज बन्धुओं की उपस्थित रहे और समाज के युवाओं व खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया।









## Audience Reviews

I appreciate Takshashila cricket event. Very nice and quick decision by Shri Maheshwari Samaj team.
**-Vikas Mantri**



Thanks for organizing the Live telecast of World Cup Final. It was truly a wonderful initiative. The effort put in by the organizers to bring the community together for such moments is deeply appreciated.
**Rahul Parwal**



एक जोरदार मैच को अपने लोगो के साथ शानदार माहौल में देखने का मजा आ गया। समाज के स्तर पर हुए इस अनूठे प्रयास के लिये बधाई ।
सुनीता - रजत काबरा

बिना मंच, माला, नि:शुल्क भोजन के समाज बंधुओ के साथ T20 क्रिकेट के फाइनल देखने का आनंद अभूतपूर्व था । शानदार आयोजन के लिए बधाई। ऐसे नव प्रयासो को ओर भी आगे बढ़ाना चाहिए।
- अवीन्द्र जाखेटिया

भारत की T20 विजय पर **"सूर्या"** ने **"संजू"** का **"हार्दिक"** अभिनंदन कर **"तिलक"** लगा कर **"अभिषेक"** किया ✿ **"सुन्दर"** ओम **"शिवम"** की कृपा से **"वरुण"** देव ने भी अपने जलवे बिखेरे और **"किशन"** की बंशी की धुन से न्यूजीलैंड को **"अर्श"** से फर्श पर लाकर जीत का **"दीप"** जलाया ✿ ✿ सुनहरे **"अक्षर"** से इतिहास लिखकर अपना नाम दर्ज करने के लिए **"सिराज"** **"रिंकू"** ने भी न्यूजीलैंड के नाम को **"बूम"** कर दिया...!✿✿




## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### जनोपयोगी भवन

# "अभिनन्दन"

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड

वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020

**सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883**

**Location (GPS) : 26.84000, 75.75102**

**चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM**

### अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन

द्वितीय तल (Unit-II) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

चतुर्थ तल (Unit-V) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

प्रथम तल (Unit-II) : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट)

तृतीय तल (Unit-IV) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

पंचम तल (Unit-VI) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)**
महामंत्री - श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### संचालन समिति (सत्र 2025-28)

**रमेश सोमानी**
चेयरमैन

**राधामोहन तोतला**
वाईस चेयरमैन (संचालन)

**राजेश कुमार सोढ़ानी**
सचिव

**विनेश कुमार मालपानी**
सह सचिव

**सुरेन्द्र कुमार मांधना**
भवन मंत्री

**सीए. दिनेश कुमार भट्टड़**
कोषाध्यक्ष

सदस्यगण : गिरिराज प्रसाद कालानी, पवन कुमार आगीवाल, रामअवतार तोषनीवाल, सूर्यप्रकाश गगरानी

मानद प्रशासक : रमेश चन्द जाखोटिया, मानद सह-प्रशासक : रविशंकर जाजू, रजत काबरा

# जोनवार होली स्नेह मिलन

## जोन-2



श्री माहेश्वरी परिवार, जोन 2 का होली स्नेह मिलन समारोह बड़े धूमधाम से 'उत्सव' जनोपयोगी भवन, विद्याधर नगर में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक श्री कौशल सोनी, कोषाध्यक्ष श्री शिव परवाल, शेयर होल्डर संयोजक श्री बृजकिशोर सामरिया एवं टिकट संयोजक श्री प्रकाश मालानी रहे। कार्यक्रम में लड्डू गोपाल जी, श्री गोविंद देव जी एवं श्री बांके बिहारी जी जीवन्त झांकियों ने मन मोह लिया। साथ ही उपस्थित समाजबंधुओं ने स्वादिष्ट ठण्डाई स्टॉल्स एवं भोजन प्रसादी का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष, महामंत्री, समाज संरक्षणगणों के साथ लगभग 1700 समाज बंधुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जोन 2 के सभी सम्मानित सदस्यों एवं महिला शक्ति का का पूर्ण सहयोग रहा। अंत में होली के फाग गीतों पर नृत्य के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## जोन-3 2200 समाज बंधुओं की सहभागिता से साकार हुआ प्रेम, सौहार्द और एकता का सुंदर संगम



होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश लेकर आता है। इसी भावना को साकार करते हुए माहेश्वरी बंधु, जोन-3, जयपुर द्वारा होली के पावन पर्व स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ का भव्य आयोजन रामेश्वरम गार्डन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के सैंकड़ों महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। फाग एवं चंग-ढप की मधुर स्वर लहरियों एवं पारंपरिक फाग गीतों के साथ समाज बंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व आत्मीयता का सुंदर संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला-चम्पालाल तोतला, विशिष्ट अतिथि श्रीमती ऋचा-भवानी छापरवाल एवं स्वागताध्यक्ष श्रीमती सरिता-जयगोपाल साबू की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही श्री माहेश्वरी समाज जयपुर के अध्यक्ष, महामंत्री, संरक्षकगण सहित समाज के अनेक गणमान्य बंधुओं ने कार्यक्रम में पधारकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक विष्णु तोषनीवाल, शेयर होल्डर संयोजक विकास झंवर (ज्योतिषाचार्य), टिकट वितरण संयोजक दीपक मालपानी तथा कोषाध्यक्ष मनोज लढ्ढा (मुरलीपुरा) रहे। साथ ही कार्यक्रम की सफलता में सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगकर्ताओं का भी सराहनीय योगदान रहा।



## जोन-6 : बापू नगर चौकड़ी



होली के इस कार्यक्रम का आरंभ हर बार की भांति विधिवत् राष्ट्रीय गान से किया गया, इसके पश्चात् सम्मानित अतिथिगणों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आगाज किया गया। मंगलकर्ता, विघ्नहर्ता गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री निर्मल जी मूंदड़ा एवं श्रीमती अन्नु जी मूंदड़ा, विशिष्ट अतिथि कपीश ज्वैलर्स श्री पंकज जी ताम्बी रहे। समारोह में राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष श्री अरुण चतुर्वेदी, समाज अध्यक्ष, महामंत्री, संरक्षकगण सहित समाज के गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मार्गदर्शक श्री रमेश जी सोमानी एवं श्री द्वारका दास जी मालपानी ने सभी शेयर होल्डर्स का आभार जताते हुए बताया कि सामूहिक होली मिलन समारोह में ठंडाई और चाट-पकौड़े के संग दाल-बाटी चूरमे का प्रसाद और बर्फ कुल्फी व बर्फ गोले के स्वाद ने करीबन 700 समाज बंधुओं के हृदय में सामाजिक सौहार्दता एवं आत्मीयता का रस घोल दिया।

इस कार्यक्रम में श्री दीपक लढ्ढा ने टिकट संयोजक का कार्य बखूबी संभाला। कार्यक्रम में लॉटरी द्वारा ढेरों आकर्षक उपहार वितरित किए गए, जिससे समाज बंधुओं में उत्साह की लहर दिखाई दी।

श्रीमती मधु भूतड़ा 'अक्षरा' एवं श्रीमती अर्चना काबरा ने होली पर हास्य काव्य रसधार से समाज बंधुओं को गुदगुदाया और अपनत्व व स्नेहिल शब्दों द्वारा सभी को एकसूत्र में पिरोया। कार्यक्रम के अंत में दोनों का माला, दुपट्टे और उपहार देकर संयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया।

## जोन-6 : सांगानेर चौकड़ी



श्री माहेश्वरी सेवा समिति सांगानेर का होली स्नेह मिलन समारोह बड़े धूमधाम से प्रताप नगर स्थित शहनाई गार्डन में आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष श्री दिनेश जैथलिया ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि श्री अशोक जाजू, विशिष्ट अतिथि श्री राजेश अजमेरा व स्वागताध्यक्ष CA श्री दिलीप मालपानी रहे। इस अवसर पर समिति सचिव श्री शिवचरण झंवर ने बताया कि समारोह में विभिन्न रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओ का आयोजन रखा गया जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समिति कोषाध्यक्ष श्री मनीष मोदानी ने बताया कि लक्की ड्रॉ के आकर्षक उपहार माहेश्वरी ऑप्टिकल्स द्वारा वितरित किए गए। उपस्थित बंधुओं ने अल्पाहार के साथ भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में समिति के सभी संरक्षकों, विशेष सहयोगियों व प्रायोजकों को दुपट्टा व स्मृति चिह्न भेंट किये गये। कार्यक्रम में लगभग 1000 समाजबंधु कार्यक्रम में उपस्थित रहे। श्री अशोक अजमेरा, श्री ओम जैथलिया, श्री संजय झंवर एवं सभी समिति सदस्यों एवं महिला शक्ति का का पूर्ण सहयोग रहा। श्री माहेश्वरी समाज के गणमान्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

॥ श्री महेश्वराय नमः॥

# श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन "आनन्दम"

## बी - 173-174, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर, जयपुर- 302021

ई-मेल : anandamvaishalinagar@gmail.com




## अत्याधुनिक सुविधा संपन्न

- 28 वातानुकूलित कमरे (98 बेड व्यवस्था सहित )
- पूजा रूम , एक मिनी हॉल एवं किचन
- 2 सर्विस रूम
- 1 वातानुकूलित सुसज्जित बैंक्विट हॉल (प्रथम तल )
- 1 वातानुकूलित डॉयनिंग हॉल
- 2 किचन स्टोर रूम सहित
- सम्पूर्ण भवन में CCTV सुविधा
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लाकर एवं इण्टरकॉम सुविधा
- रेसिप्टिनिस्ट एवं हाउस कीपिंग स्टाफ , सिक्योरिटी गार्ड की सुविधा उपलब्ध

| | |
|---|---|
| **Ground Floor** | Dining Hall+ 1 Kitchen |
| **First Floor** | Banquet Hall+1 AC Room |
| **Third Floor** | 8 AC Bed Room With 26 Beds (4 Rooms with 4 Bed+ 2 Rooms with 3 Bed +2 Rooms with Double Bed) +1 Mini Hall+1 Kitchen |
| **Fourth Floor** | 10 AC Bed Room With 36 Beds (7 Rooms with 4 Bed+ 2 Rooms with 3 Bed +1 Rooms with Double Bed) +1 Pooja Room+ 1 Utility Room |
| **Fifth Floor** | 10 AC Bed Room With 36 Beds (7 Rooms with 4 Bed+ 2 Rooms with 3 Bed +1 Rooms with Double Bed) +1 Pooja Room+ 1 Utility Room |

## सदस्यता विवरण

| क्रम | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| 1 | आजीवन सदस्य | 11 लाख रुपए या उससे अधिक |
| 2 | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख से 11 लाख के मध्य |
| 3 | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख से 5 लाख के मध्य |
| 4 | प्रमुख सदस्य | 1 लाख से 3 लाख के मध्य |
| 5 | साधारण सदस्य | 11000 से 1 लाख के मध्य |

**चेक इन टाइम** 12 :00 PM    **चेक आउट टाइम** 9 :00 AM

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

Anandam

**सी ए रोहित माहेश्वरी (परवाल )**
महामंत्री

## तदर्थ समिति

**विष्णु लड्ढा** (वैशाली नगर) — चेयरमैन (निर्माण)

**राधेश्याम काबरा** — चेयरमैन (वित्त)

**हरीश मालू** — सचिव (निर्माण)

**हरीश भराड़िया** — सचिव (वित्त)

**विकास मोहता**(चित्रकूट) — समन्वय (भवन)

**रमेश कुमार भैया** — प्रशासक 9982082160

## हमें आप पर गर्व है! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**मुस्कान माहेश्वरी** सुपुत्री श्रीमती संगीता-राजेश धूत को BDS Final में 1st Rank प्राप्त करने एवं गोल्ड मेडलिस्ट रहने पर।



**अधिवक्ता श्री आर. के. डागा** को Rajasthan Chambers & Courtrooms में विधि क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, निष्ठा एवं दीर्घकालीन सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित होने पर।



**श्री अंकुर कुमार दुदानी** (एडवोकेट) सुपुत्र श्री केदार मल दुदानी को दी बार एसोसिएशन, सांगानेर के वार्षिक चुनाव 2025-26 में कार्यकारिणी सदस्य पद पर निर्वाचित होने पर।



**अजीत सोमानी** सुपुत्र श्रीमती कमला-सुरेश सोमानी को सीए. फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**तत्विका मोदानी** सुपुत्री श्रीमती मृदुला-राहुल मोदानी को स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं में से 'बेस्ट कथक डांसर' का पुरस्कार प्राप्त होने पर।



**उमंग माहेश्वरी** को AI Impact Summit 2026 में आयोजित एक पैनल चर्चा के लिए उद्घाटन संबोधन (Opening Address) देने हेतु आमन्त्रित करने पर। संबोधन का विषय 'विकसित भारत के लिए शिक्षा : रचनात्मकता, संज्ञान और संस्कृति क्यों महत्वपूर्ण हैं' रहा।



**जानवी छापरवाल** सुपुत्री श्रीमती सुचि-कमल छापरवाल को CMA फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**तनीशा** सुपुत्री श्रीमती स्वेता-विकास राठी को सीए. फाउण्डेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**रचित शारदा** सुपुत्र श्रीमती शारदा-सत्यनारायण शारदा की पदोन्नति हाल ही, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (भारत सरकार का एक उपक्रम) में महाप्रबंधक के पद पर होने पर।



भारतीय सीए संस्थान की जयपुर शाखा के वर्ष 2026-27 के लिए प्रबन्धकारिणी समिति के चुनावों में सीए **अंशुल आगीवाल** को मेंबर सीकासा के पद पर चुने जाने पर।



**मुकुंद पटवारी** सुपुत्र श्रीमती मनीषा- संजय पटवारी को CA, CMA फाइनल एवं CFA का सेकंड लेवल उत्तीर्ण करने पर हार्दिक बधाई।



**सलोनी पटवारी** सुपुत्री श्रीमती मनीषा- संजय पटवारी को CMA फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**एडवोकेट आयुष** सुपुत्र श्रीमती अनिता-जयंत बाहेती, जयपुर को इंटरनेशनल कॉउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट, लंदन की पंचवर्षीय प्रमाणित सम्मानित मेंबरशिप प्राप्त होने पर।



**सागर** सुपुत्र श्रीमती रेखा- सुधीर राठी को सीए. फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**सुश्री वंशिका बाहेती** सुपुत्री श्रीमती रेखा-बालकृष्ण बाहेती को प्रथम प्रयास में सीए. फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर।



**तिथी मूंदड़ा** सुपुत्री श्रीमती पूजा-सिद्धार्थ मूंदड़ा को फरीदाबाद में आयोजित नॉर्थ रीजन चैंपियनशिप ISSO 2026 में अंडर-11 बास्केटबॉल टीम से विजेता रहने पर। इस अंतर-राज्यीय टूर्नामेंट में सर्वाधिक स्कोर करने के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' भी चुना गया।

### रेगिस्तान ट्रायंगल सर्किट में माहेश्वरी समाज की बेटी का कीर्तिमान



नमिता काबरा सुपुत्री श्रीमती ममता-राकेश काबरा (मालवीय नगर, जयपुर) ने हाल ही में आयोजित "Desert Triangle Circuit Motorcycle Expedition" में शानदार प्रदर्शन करते हुए जोधपुर-जैसलमेर-बीकानेर के कठिन रेगिस्तानी मार्ग को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह उपलब्धि India Book of Records में भी दर्ज की गई है। इस चुनौतीपूर्ण अभियान के अंतर्गत लगभग 830 किलोमीटर की दूरी तय की गई, जिसे नमिता और उनकी महिला साथी ने लगभग 14 घंटे 5 मिनट में पूरा कर साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का अद्भुत परिचय दिया।





**यश मोदानी** सुपुत्र श्रीमती सारिका-अनिल मोदानी को चार्टेड मार्केटिंग टेक्निशियन की डिग्री प्राप्त होने पर।



**श्री लेखराज लद्धड** को अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा द्वारा जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम में समाज गौरव की उपाधि प्रदान किये जाने पर।

# माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर

✆ 2624400, 2620541

फेयरवेल सेरेमनी में मुख्य अतिथि श्री राजेश जी सोढानी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती वीणा जी मोदानी के साथ विद्यालय के वाइस चेयरमैन श्री निर्मल जी दरगड़, मानद सचिव श्री वैभव जी सोमानी ने भवनमंत्री श्री अजय जी नोवाल एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण के साथ 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सफलता की शुभकामनाओं सहित विदाई दी। मानद सचिव श्री वैभव जी सोमानी व कोषाध्यक्ष श्री अरुण कुमार जी मालू ने आगंतुक अतिथिगण का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।




विद्यालय के लाहोटी सभागार में आयोजित 'होली मिलन समारोह' में विद्यालय के भवनमंत्री श्री अजय जी नोवाल, विद्यालय प्रबंध संमिति के सदस्य श्री प्रकाश जी मालानी, प्राचार्य श्री अरुणेश जी सक्सेना व उप प्राचार्य श्री राजेश जी नवाल ने जीवन में रंगों की प्रासंगिकता को शब्दों के माध्यम से साकार करते हुए सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारियों को गुलाल का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। शिक्षक-शिक्षिकाओं की नृत्य एवं गायन प्रस्तुतियों ने वातावरण को संगीत के रंगों से सजाया।



## mps Sanskriti®
Pre Primary School

लेवल 2 के बच्चों ने शिवरात्रि के विशेष अवसर पर ब्लैक चार्ट पेपर से शिव लिंग बनाकर भगवान शिव के प्रति श्रद्धा प्रकट की।



`कल्मिनेशन डे-रूट्स टू विंग्स` कार्यक्रम में बच्चों ने अपने ज्ञान, रचनात्मकता और प्रस्तुतीकरण का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स तैयार कर उन्हें समझाया।



पढ़ने की क्षमता में सुधार के उद्देश्य से आयोजित फोनिक साउंड प्रतियोगिता में लेवल 2 के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा फोनिक साउंड का शानदार प्रदर्शन किया।



होली सेलिब्रेशन पर लेवल 1 के नन्हें बच्चों ने होली की कथा के पात्रों का अभिनय करते हुए होली की कहानी प्रस्तुत की और ग्रीटिंग कार्ड्स बनाए। लेवल 2 के बच्चों ने होली का चित्र रंगा और लेवल 3 के बच्चों ने गुब्बारों के छापों से सुंदर कलाकृतियाँ तैयार कीं। संगीत की मधुर तान पर बच्चों ने फूलों की होली का खूब आनंद लिया।



दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर ✆ 2651854, 2653552

## कक्षा12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह (2025-26) का आयोजन



तक्षशिला सभागार में प्रबंध समिति, शिक्षकों और छात्रों ने 9 फरवरी, 2026 को शानदार विदाई समारोह में कक्षा-12वीं के अपने निवर्तमान बैच को विदाई दी। समारोह में सम्मानित अतिथियों के रूप में सुप्रसिद्ध व्यवसायी व समाजसेवी श्री राकेश राठी तथा श्री दीपक मालू समेत माहेश्वरी शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष श्री निर्मल दरगड़, कोषाध्यक्ष श्री अरुण कुमार मालू, विद्यालय के मानद सचिव सीए संजय बांगड़, भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा व प्रधानाचार्या श्रीमती रीटा भार्गव मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मंदिर में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यालय-प्रार्थना हुई। दोनों ही सम्मानित अतिथियों का पुष्पहार, पौधा और स्मृति चिह्न द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया। शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष ने अपने भाषण में सभी का स्वागत किया और विदा होने वाले छात्रों के लिए उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। मानद सचिव ने छात्रों को आगे जीवन में सफलता की शुभकामनाएँ दीं। दोनों ही सम्मानित अतिथियों ने अपने उद्बोधनों में विद्यालय की परंपरा, प्रतिष्ठा और अनुशासन को कायम रखते हुए भावी उन्नतिशील जीवन के लिए छात्रों को आशीर्वाद दिया। जब शिक्षकों के एक समूह ने मधुर और दिल को छू लेने वाले गीत गाए तो विद्यार्थी भावुक हो गए। कनिष्ठ विद्यार्थियों ने 'यादों का झरोखा' नामक रोचक नाटक प्रस्तुत किया जिसके माध्यम से विद्यालय में बारह वर्ष के विद्यार्थी-जीवन पुन: जीवंत हो गया। एक शानदार नृत्य-प्रस्तुति द्वारा जूनियर वर्ग के छात्रों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीटा भार्गव ने अपने संबोधन में छात्रों को अपने सिद्धांतों से समझौता न करते हुए एमपीएस की विरासत को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने हेड बॉय और हेड गर्ल को अपार स्नेह और यादगार प्रतीक के रूप में गुडलक कार्ड भेंट किया। हेड बॉय राघव मोहता और हेड गर्ल वंशिका गुर्जर ने विद्यालय के विद्यार्थी जीवन के अविस्मरणीय पलों को याद करते हुए एक भावुक लेकिन प्रेरक भाषण दिया। ऑर्केस्ट्रा के माध्यम से छात्रों ने मधुर संगीत की लयबद्ध धुनों से समूचे परिवेश को झंकृत कर दिया। डिप्टी हेड गर्ल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## आईआईटी-जेईई (मैन्स), 2025-26 में फहराई कीर्ति-पताका

मनुष्य कठिन परिश्रम व दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। विद्यालय के 14 से भी अधिक विद्यार्थियों ने इसी उपर्युक्त कथन को आईआईटी-जेईई (मैन्स), 2025-26 परीक्षा में उत्तम परिणाम के साथ उत्तीर्ण होकर बखूबी चरितार्थ कर दिया है। सभी होनहार व कठिनतम श्रमसाधना के धनी छात्रों के नामों का विवरण प्रतिशतक के साथ इस प्रकार है- श्रेष्ठ जसोरिया (99.99), शौर्य गांधी (99.31), गुन्मय मालपानी (99.20), वंश विजय (98.31), क्षितिज परवाल (98.17), रोहित सिंह (97.75), केशव माहेश्वरी (97.52), खुशल गुप्ता (95.58), भव्य असवानी (95.22), पुलकित भार्गव (95.08), अभिनव पाटिल (94.50) स्वप्निल कालिया (93.19), वागीश गौतम (92.56), देवाशीष मुद्‌गल (91.77) आदि। इस अवसर पर गर्व व हर्ष प्रकट करते हुए ईसीएमएस एवं विद्यालय के पदाधिकारियों ने इन सभी सफल छात्रों को बधाइयाँ व शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली स्नेह मिलन समारोह



विद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र में दिनांक 27 फरवरी को पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय के समस्त स्टाफ और प्रबंध समिति ने एक साथ मिलकर रंगों के इस त्यौहार को आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मानद सचिव सी ए संजय बांगड़, भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा, विद्यालय प्रबंध समिति के गणमान्य सदस्यों, प्रधानाचार्या श्रीमती रीटा भार्गव, उप प्राचार्य डी डी पाठक और एमपीएस संस्कृति की प्रभारी के भव्य स्वागत के साथ हुआ। तिलक लगाकर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। प्रबंध समिति ने राधा-कृष्ण की मनमोहक तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगीत विभाग के शिक्षकों ने सुमधुर भक्ति गीतों से पूरे सभागार को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात अध्यापिका श्रीमती सरिता अग्रवाल ने होली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए हास्य-व्यंग्य कविताएँ प्रस्तुत कीं। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने पारंपरिक होली गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। पुरुष स्टाफ सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक होली के गीतों से समाँ बाँध दिया। महिला और पुरुष स्टाफ सदस्यों द्वारा दी गई जोशपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य, अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, शारीरिक शिक्षा, ललित कला और कार्यालय विभाग के सदस्यों ने बारी-बारी से मंच पर आकर एक-दूसरे को रंगपर्व होली की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के मानद सचिव ने कहा कि होली का यह उत्सव मात्र रंगों का खेल नहीं, बल्कि हमारे MPS परिवार की एकता और साझा संस्कृति का प्रतीक है।

## विदाई समारोह 'Golden Frames' का आयोजन







कक्षा 12 की छात्राओं के 'Golden Frames' थीम पर आधारित विदाई एवं शुभकामना समारोह का आयोजन तक्षशिला सभागार में किया गया। इस अवसर पर अतिथि रूप में श्रीमती चित्रा मालपानी, एडवोकेट पूर्वी मालपानी, ECMS के कोषाध्यक्ष श्री अरुण मालू, विद्यालय के मानद् सचिव एडवोकेट द्वारकादास मालू, गणमान्य पदाधिकारीगण, सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी का तिलकार्चन एवं बेज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश एवं माँ सरस्वती के पूजा-अर्चन व ईश वंदना से हुआ। मंचासीन महानुभावों ने समस्त छात्राओं को विदाई समारोह की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षाओं में कठोर परिश्रम के साथ लक्ष्य पथ पर आगे बढ़ते हुए सफलता प्राप्त करने का शुभाशीष दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कक्षा 11 वीं व 12 वीं की छात्राओं ने राजस्थानी एवं पाश्चात्य शैली के नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध का दिया। Oath Ceremony व Torch Presentation द्वारा कक्षा 11 व 12 की छात्राओं को परम्पराओं, संस्कारों को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हुए कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलवाई। इसी क्रम में अतिथियों को स्मृति स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किए तथा कक्षा 12 वीं की छात्राओं को भी यादगार स्वरूप फोल्डर प्रदान किए गए।

## वार्षिक परीक्षा संपन्न

विद्यालय में 13 फरवरी से 27 फरवरी तक नॉन बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा संपन्न हुई। छात्राओं ने पूर्ण उत्साह एवं तैयारियों के साथ अपनी शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करवाई।

## होली की उमंग संग विद्यालय में मनाया फागोत्सव

विद्यालय परिसर में 28 फरवरी को आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत करते हुए, माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं राधा-कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण व तिलकार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के मानद् सचिव एडवोकेट द्वारकादास मालू, सपत्नीक पधारे भवन मंत्री श्री हरिकिशन बाहेती, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने प्रथम पूज्य भगवान गणपति की स्तुति करते हुए रंग पर्व की शुभकामनाएँ देकर कार्यक्रम का आरम्भ किया। आर्केस्ट्रा टीम ने गीत-संगीत की अनूठी सुर-तान पर फाग गीतों से सम्पूर्ण वातावरण को होली के रंगों से सराबोर कर दिया। उपप्राचार्य श्री प्रमोद जाजू द्वारा भजन एवं मुक्तक की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। होली की मस्ती में अभिलुप्त शिक्षकवृंद ने हास्य-व्यंग्य कविता, सुमधुर लोकगीतों की सुन्दर प्रस्तुतियाँ देते हुए वातावरण को उल्लासमय बनाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली का आनंद लिया। मानद् सचिव, भवन मंत्री महोदय ने होली की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए इस पर्व को प्रेम से मनाने तथा विद्यालय परिवार की एकता को सुदृढ़ बनाए रखने का सन्देश दिया। ठंडाई एवं जलपान के द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।





## JEE Mains 2026 परीक्षा में मिली सफलता

**Champions of JEE Mains 2025-26**

| S.No. | Name | Percentile |
|---|---|---|
| 1 | Vanshika Parakh | 98.22 |
| 2 | Niyushi Garg | 98.16 |
| 3 | Pari Pansari | 97.21 |
| 4 | Aashvi Goyal | 96.95 |
| 5 | Pratyaksha Tiwari | 95.69 |
| 6 | Prachi Jangid | 94.07 |
| 7 | Nirali Gupta | 93.61 |
| 8 | Ananya Mantri | 92.69 |
| 9 | Nishita Sharma | 89.77 |
| 10 | Charvi Gupta | 81.00 |
| 11 | Charvi Sharma | 74.6 |

विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं ने देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त की। वंशिका परख, नियुषी गर्ग, परी पंसारी, आश्वी गोयल, अनन्या मंत्री, प्राची जांगिड, प्रत्यक्षा तिवारी, निराली गुप्ता, निशिता शर्मा, चार्वी गुप्ता और चार्वी शर्मा ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उनकी सफलता के लिए विद्यालय के मानद सचिव श्री आशीष जी जाखोटिया व प्रधानाचार्या श्रीमती सारिका गौर ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## CMA प्रतियोगी परीक्षा में दिखाया दम




विद्यालय से उत्तीर्ण छात्रा मुस्कान सोमानी व निहारिका माहेश्वरी ने CMA फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय के मजबूत आधार को स्थापित किया। वहीं रिया झालनी, अनीशा तांबी, शगुन खंडेलवाल व देवांशी खंडेलवाल ने CMA इनर्मिडियट परीक्षा में सफलता प्राप्त की।

## होली के रंग में रंगा विद्यालय

रंगों के त्योहार होली के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर विद्यालय में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद सचिव व प्रबंधन समिति के सभी सदस्य



उपस्थित थे। प्रबंधन समिति से माननीय श्री सत्यनारायण जी सारड़ा ने अपनी कविता के माध्यम से सभी को होली की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। विद्यालय के अध्यापक वृंद ने गायन और कविताओं के माध्यम से इस रंगारंग कार्यक्रम में और भी रंग घोल दिया।

## एमजीपीएस संस्कृति में हुई आनंदमय फरवरी

एमजीपीएस संस्कृति में फरवरी का महीना नन्हे विद्यार्थियों के लिए खुशियों और सीखने के अनुभवों से भरपूर रहा। बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और जिज्ञासा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालय में विभिन्न विशेष गतिविधि दिवसों का आयोजन किया गया।





6 फरवरी को विद्यालय में ड्रॉइंग डे मनाया गया। इस दिन बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ रंग भरने और चित्र बनाने की गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने अपने मन की कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से व्यक्त किया।



